विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 131 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 11 फरवरी 2025 डाक 12 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बड़े हनुमान मंदिर में उपहार मिला

**देश-विदेश**

दोबारा पारित बिलों को राष्ट्रपति को कैसे भेज सकते हैं सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु राज्यपाल की चुप्पी पर उठाया सवाल



**फीचर**

केमिकल फ्री हर्बल डिओडेंट घर पर कैसे बनाएं? यहां जानिए पैसे बचाने का अनोखा तरीका



# छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों के लिए मतदान जारी कतार में खड़े होकर मतदान किया डिप्टी सीएम अरुण साव ने



**रायपुर, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

नगरीय निकाय चुनाव के दौरान कुछ तस्वीरें ऐसी भी आ रही है, जो नेताओं की कार्यशैली और सोच को जाहिर करती है। ऐसा ही नजारा बिलासपुर में देखने को मिला, जहां उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपरिवार आम लोगों के बीच कतार में खड़े होकर मतदान किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ सेंट फ्रांसिस हायर सेकेंडरी स्कूल मतदान केंद्र पहुंचे। बाकायदा आम लोगों के साथ कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया, और बिना किसी ताम-झाम के अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, सभी सम्माननीय मतदाताओं को सादर नमस्कार, गरीय निकाय के लिए आज चुनाव हो रहा है, ये चुनाव छत्तीसगढ़ के शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिए है। आप सभी सम्माननीय मतदाताओं से आग्रह है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने मतदान अवश्य करे। पहले मतदान-फिर जलपान। बता दें कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के लिए वोटिंग हो रही है। रायपुर नगर निगम में सुबह 01 बजे तक 25 प्रतिशत वोटिंग का अनुमान है। इससे पहले रायपुर में भाजपा की मेयर प्रत्याशी मीनल चौबे ने चंगोराभाटा स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे ने भी वोटिंग की। रायगढ़ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सुबह 8 बजे सत्तीगुड़ी चौक स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला।

## कलेक्टर और एसपी ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज नगरीय निकायों के लिए मतदान शुरू हो चुका है। मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ मतदान केंद्रों में पहुंचनी शुरू हो चुकी है। रायपुर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव कुमार सिंह आज सुबह अपने पत्नी के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। कलेक्टर आकाश छिकारा ने अपने धर्मपत्नी के साथ आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के पर्व में शामिल होकर अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. अजय सिंह ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**रायपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. अजय सिंह ने आज सपरिवार रायपुर नगर निगम के महापौर एवं वार्ड पार्षद निर्वाचन के लिए प्राथमिक शाला पुरैना मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।

## धमतरी में हार्ट अटैक से मतदाता की मौत

**रायपुर 11 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिका परिषदों और 114 नगर पंचायतों समेत 173 नगरीय निकायों में सुबह आठ बजे से वोटिंग जारी है। धमतरी के बाजारापारा बूथ पर वोट देने के लिए पहुंचे मतदाता कुंज बिहारी देव को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### वोटिंग मशीन में आई खराबी, बार-बार हो रहा हैंग

**रायपुर।** जगदलपुर के तीन वार्डों में ईवीएम खराब होने से मतदाताओं में नाराजगी है। वहीं विद्या चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 के पोलिंग बूथ में वोटिंग मशीन हैंग हो गई है। इसके चलते आधे घंटे से लोग मतदान करने का इंतजार कर रहे। जगदलपुर के महाराणा प्रताप वार्ड में ईवीएम खराब होने से मतदान रुका हुआ है। वोटिंग करने मतदाता कतार में खड़े हैं और नाराजगी व्यक्त कर रहे। ईवीएम को सुधारने की कोशिश की जा रही है। रवींद्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 19 और रमैया वार्ड क्रमांक 17 में भी ईवीएम खराब हो गई है। मतदाता कतार में खड़ी होकर नाराजगी व्यक्त कर रहे। अमलीडीह स्थित शासकीय स्कूल में भी ईवीएम हैंग हो गई है।

### शारीरिक अक्षमता मताधिकार में नहीं बनी बाधा व्हील चेयर में मतदान केंद्र पहुंची बुजुर्ग महिला



**कांकेर।** कांकेर शहर के जवाहर वार्ड की वयोवृद्ध मतदाता कुंवर बाई ध्रुव व्हील चेयर पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचीं और पूरे जोश के साथ मतदान किया। कुंवर ने यह सिद्ध कर दिया कि शारीरिक अक्षमता मताधिकार का उपयोग करने के आड़े नहीं आती।

## वोटरों को चेतावनी, मतदान कक्ष में सेल्फी लेने से बचे

**रायपुर।** चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर सेल्फी और वीडियो बनाने के शौकीन मतदाताओं के लिए चेतावनी जारी की गई है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए मतदान कक्ष में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित है। वर्तमान में सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो शेयर करने का चलन बढ़ा है। युवा मतदाता अक्सर इंस्टाग्राम, ट्विटर और व्हाट्सएप पर अपनी मतदान की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते हैं। लेकिन यह गतिविधि निर्वाचन कानून का उल्लंघन है। मतदान करते समय फोटो खींचना, बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए वीडियो बनाना या सेल्फी लेना पूरी तरह प्रतिबंधित है। मीडिया कवरेज के लिए भी कड़े नियम बनाए गए हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि केवल पीठासीन अधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान से ही कवरेज कर सकते हैं। बैलेट यूनिट का फोटो या वीडियो लेना उनके लिए भी वर्जित है।

## यूपी में बिहार से आने वाले बड़े वाहनों पर लगाई गई रोक, विंध्याचल के नटवा तिराहे पर 72 घंटे से जाम



**वाराणसी, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार की तरफ से आने वाले बड़े वाहनों के प्रवेश पर कल शाम से रोक लगा दी है। बिहार के कैमूर जिले के मोहनियां क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाइवे पर सोमवार को छठवें दिन भी जाम रहा। हालांकि छोटे वाहनों का आवागमन जारी रखा गया है। बड़े वाहनों बड़े वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया। कर्मनाशा बार्डर पर वाहनों का प्रवेश रोक देने से जाम की समस्या गंभीर होगी। वहीं महाकुंभ के लिए छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं का आना जारी है। उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद बभनी से आगे हाथीनाला से राष्ट्रीय राजमार्ग की शुरुआत हो जाती है। यहां से राबर्टसगंज होते मीरजापुर होते हुए प्रयागराज जा रहे हैं। वाहनों का दबाब बढ़ता जा रहा है।

प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर विंध्याचल के नटवा तिराहे पर 72 घंटे से जाम लगा हुआ है। जौनपुर में मुंगराबादशाहपुर नगर से गुजर रहे प्रयागराज मार्ग पर सोमवार को वाहनों का आवागमन सुचारु रहा। कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर भी हालात सुधरे हैं और वाहनों का दबाव कम हुआ है। इस बीच माघी पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर हाईवे पर रूट डायवर्जन बरकरार रहेगा। मध्य प्रदेश के रीवा, चित्रकूट के अलावा दिल्ली, लखनऊ, बिहार की तरफ से आने वाले श्रद्धालु भी कई-कई घंटे जाम में फंसे रहे। महाकुंभ मेला क्षेत्र में वीआइपी आगमन के चलते हाईवे पर वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया था।

## योगी सरकार ने आबकारी नीति में किया बड़ा बदलाव

**गर्मी में ठंडी बीयर के लिए होना पड़ सकता है परेशान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली अप्रैल से ठंडी बीयर के लिए लोगों को परेशान होना पड़ सकता है। वर्ष 2025-26 के लिए घोषित की गई नई आबकारी नीति में कंपोजिट दुकानों में ठंडी बीयर की बिक्री की सुविधा को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। इसके चलते शराब विक्रेताओं में असमंजस की स्थित बनी हुई है। सरकार ने बीते सप्ताह हुई कैबिनेट की बैठक में नई आबकारी नीति को मंजूरी दी है। इसे लागू करने की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। नई नीति में सरकार ने सबसे बड़ा बदलाव शराब की कंपोजिट दुकानें खोलने को लेकर किया है। इसके अनुसार कंपोजिट दुकानों पर अंग्रेजी शराब, बीयर व वाइन की बिक्री एक साथ की जा सकेगी। विभाग को इस बारे में जल्द से जल्द स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, जिससे शराब विक्रेताओं में भ्रम की स्थिति न रहे। वर्तमान में प्रदेश में 29,000 शराब की दुकानें हैं। इनमें बीयर की 5,900 दुकानें हैं। इनके अलावा कंपोजिट दुकानें खोली जाएंगी। सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में शराब, बीयर, वाइन व भांग की बिक्री से 60,000 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र करने का अनुमानित लक्ष्य रखा है।



## प्रयागराज से वापस लौट रही ट्रैवलर जबलपुर के पास ट्रक से टकराई

**सात लोगों की मौत**



**जबलपुर, 11 फरवरी ।**

जबलपुर जिले के करीब सिहोरा में एक ट्रैवलर और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इसमें ट्रैवलर में सवार सात लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। हादसे में कुछ लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ट्रैवलर में सवार लोग आंध्र प्रदेश के बताए जा रहे हैं, जो प्रयागराज से वापस लौट रहे थे। तभी सिहोरा के करीब उनका वाहन एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गया। हादसे में ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## हार के बाद कांग्रेस में मचा घमासान पार्टी में होने जा रहे ये बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** लगातार तीन बार से विधानसभा चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल पा रही कांग्रेस जल्द ही दिल्ली में संगठन का पुनर्गठन करेगी। ब्लाक और जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक बदलाव किया जाएगा। वहीं, इस बदलाव में युवाओं व पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को खास तव्वजो मिलेगी। इसके अलावा पार्टी के तमाम निष्क्रिय प्रकोष्ठों को भी फिर से सक्रिय किया जाएगा। दरअसल, इस विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गंभीरता से मंथन करने के बाद प्रदेश नेतृत्व अब पार्टी हित में कई कठोर निर्णय लेने के पक्ष में है। इस दिशा में अनुशासन का दायरा बढ़ाते हुए पार्टी नेताओं की उस बयानबाजी पर भी रोक लगाई जाएगी, जिससे पार्टी की छवि खराब होती है। ज्ञात हो कि हाल ही में नई दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित और चांदनी चौक से पार्टी प्रत्याशी मुदित अग्रवाल की बयानबाजी पर पार्टी ने आपत्ति जताई है। इसके अलावा अगले चुनाव के लिए पार्टी बूथ स्तर पर भी अभी से जमीनी मेहनत शुरू करने की रणनीति बना रही है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पार्टी इस बार विधानसभा चुनाव के परिणाम में कई सकारात्मक पहलू देख रही है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि इस बार कांग्रेस ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया था। बहुत सी सीटों पर पार्टी का मत प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है। पार्टी का यह भी मानना है कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक और मुस्लिमों का वोट जहां कांग्रेस को मिला था, वहीं इस बार आप के पास केवल इसलिए चला गया क्योंकि कांग्रेस उसको सरकार बनाने का भरोसा नहीं दिला पाई।

## पीएम मोदी ने अमेरिकी चुनाव में जीत के लिए जेडी वेंस को दी बधाई

**पेरिस, 11 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित राजकीय रात्रिभोज के दौरान अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की। यह मुलाकात वाशिंगटन की उनकी आगामी यात्रा से पहले ट्रंप प्रशासन के शीर्ष नेतृत्व के साथ पहली बातचीत थी। इस दौरान पीएम मोदी ने जेडी वेंस को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी और उनसे गर्मजोशी से हाथ मिलाते हुए कहा, बधाई हो। शानदार जीत। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बातचीत की तस्वीरें साझा की और बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों और अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। फ्रांस की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर वाशिंगटन जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करना है। अपने अमेरिका दौरे से पहले, पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके साथ भारत-अमेरिका की साझेदारी को मजबूत करने में हुए सहयोग को याद किया। उन्होंने कहा कि यह उनकी ट्रंप के साथ पहली मुलाकात होगी, लेकिन उन्हें उनके पहले कार्यकाल में साथ मिलकर काम करने की अच्छी यादें हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि यह यात्रा भारत-अमेरिका के बीच साझेदारी को और मजबूत करने और व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का अवसर होगी। अमेरिका में हाल ही में कुछ नीतिगत बदलाव हुए हैं, जिनका प्रभाव भारतीय नागरिकों पर भी पड़ सकता है। इनमें वीजा और प्रवास से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच इन मामलों पर भी चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, व्यापार नीतियों, रक्षा सहयोग और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी बातचीत होगी।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मुरुगन मंदिरों में उमड़े भक्त

**तमिलनाडु, 11 फरवरी [एजेंसी]।**



मुरुगन मंदिरों में आज (11 फरवरी) सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु थाईपुसम त्योहार के अवसर पर भगवान के दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। थाईपुसम त्योहार के दौरान पलानी हिल मंदिर में आने वाले हजारों श्रद्धालु दूध कावड़ी, जल कावड़ी और मोर कावड़ी लेकर आते हैं। इसी तरह, थाईपुसम त्योहार के अवसर पर तिरुचेंदूर के अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में भी हजारों श्रद्धालु एकत्रित हुए हैं। चेन्नई के वडापलानी मुरुगन मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा सकती है। कुंभकोणम के पास स्वामीमलाई स्वामीनाथ स्वामी मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जो भगवान मुरुगा के छह निवासों में से चौथा है।

# 1903 महिला कर्मियों को जिले के 425 मतदान केन्द्रों में निर्वाचन कार्य का सौंपा गया दायित्व





**कोरबा।** कोरबा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों अंतर्गत कुल 425 मतदान केंद्रों में चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी महिला मतदान दलों को सौंपी गई है। इनमें पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल क्रमांक 01, 02 एवं 03 शामिल है। लोकतंत्र की इस महापर्व की जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन के लिए महिला मतदान दलों में उत्साह और प्रसन्नता व्याप्त है। आज सुबह से ही महिला मतदान दल उमंग से अपने-अपने मतदान केद्रों की ओर बसों से रवाना हुई। कोरबा जिले के 06 नगरीय निकाय अंतर्गत 02 नगरीय क्षेत्र नगर निगम कोरबा व नगरपालिका बांकीमोंगरा के लिए मतदान दल झगरहा के आईटी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से वोटिंग मशीन लेकर रवाना हुई। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र कटघोरा, दीपका छुरीकला हेतु कटघोरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक एवं पाली नगरीय क्षेत्र के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली से ईवीएम लेकर मतदान दल रवाना हुए है।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में आईटी कॉलेज कोरबा से नगर निगम कोरबा व बांकीमोंगरा के मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो रही महिला मतदान दल के बसों को सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सभी ने महिला मतदान दलों को ऑल द बेस्ट कहकर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। आईटी कॉलेज से अपने दल में ईवीएम के साथ बसों में रवाना होती महिलाओं में मतदान कराने का न सिर्फ उत्साह था अपितु चेहरे पर मुस्कान के साथ लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने और भागीदार बनने की खुशी भी थी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के नेतृत्व में महिलाओं को जिले के सभी नगरीय क्षेत्र में सम्पूर्ण मतदान केंद्र के लिए जिम्मेदारी दी गई है। निर्वाचन कार्य में जिम्मेदारी मिलने पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस करते हुए महिला मतदान दल के कर्मचारियों ने खुशी जताई है।

ईवीएम के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना होती पीठासीन अधिकारी श्रीमती किरण यादव ने कहा की जिला प्रशासन ने हमें जो जिम्मेदारी दी है उसे हम निष्ठापूर्वक पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मतदान कराने की मौका मिलने से हम गौरवान्वित महसूस कर रही है। पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान केंद्र के लिए जाने वाली सरोज केसरी भगत ने बताया कि इस कार्य को करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं है। बहुत खुशी की बात है कि हमें यह जिम्मेदारी मिली है और इस जिम्मेदारी को पूरा करेंगे। पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी निभाने वाली श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि इस कार्य से उन्हें गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का दायित्व बहुत ही जिम्मेदारी और गंभीरता से जुड़ा हुआ है। हम सभी इसे कुशलतापूर्वक संपादित करेंगे।

मतदान अधिकारी के रूप में मतदान दल क्रमांक 01 की जिम्मेदारी निभाने वाली व्ही सुजाता अहमद, गंगोत्री राज, दुर्गेश्वरी कुर्रे सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि हम सभी महिलाएं बहुत ही उत्साहित हैं कि महिला टीम चुनाव की जिम्मेदारी का काम करने जा रहीं है। उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी मिली है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करेंगे। सभी महिलाओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में खुद की भागीदारी पर खुशी जताई है।

कोरबा जिले के सभी नगरीय निकाय अंतर्गत 425 पोलिंग बूथों पर लगभग 1903 महिला मतदान अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदान कराया जाएगा। कोरबा नगर निगम अंतर्गत कुल 297 पोलिंग बूथ हेतु कुल 1188 महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है साथ ही 97 महिला कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के 47 मतदान केंद्रों हेतु कुल 205 कर्मचारियों की ड्यूटी, दीपका नगरीय क्षेत्र के 30 पोलिंग बूथ हेतु 139 कर्मचारी, कटघोरा के 21 पोलिंग बूथ हेतु 117 कर्मचारी, छुरीकला के 15 मतदान केंद्र हेतु 85 कर्मचारी एवं पाली नगर पंचायत के 15 पोलिंग बूथ हेतु 72 महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है। सभी महिला मतदान कर्मचारियों को आज मतदान कार्य पूर्ण कराने हेतु रवाना किया गया। सभी महिलाएं प्रसन्नतापूर्वक निर्वाचन की जिम्मेदारी निभाने के लिए रवाना हुई। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में मतदान 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।



## कलेक्टर और एसपी ने देर रात्रि कोरबा, कटघोरा में कानून व्यवस्था की ली जानकारी

### शहर के चौक-चौराहों में शहर का किया भ्रमण

**कोरबा ।** नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कोरबा और कटघोरा क्षेत्र का दौरा कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कोरबा नगर निगम अंतर्गत घंटाघर चौक, रविशंकर शुक्ल नगर, मुड़ापार, ट्रांसपोर्ट नगर, कमला नेहरू महाविद्यालय पुरानी बस्ती, राताखार, ढ़ोढीपारा, कोहड़िया और कटघोरा के विभिन्न चौक चौराहों में भ्रमण किया।

कलेक्टर और एसपी द्वारा चौक-चौराहों में तैनात पुलिस अधिकारियों, संबंधित थानेदारों और एसडीएम, एसडीओपी को भी कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की गश्त करने, अनाधिकृत रूप से लोगों के जमावड़े पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत और एसपी श्री तिवारी ने मतदान प्रक्रिया के दौरान आम मतदाताओं में किसी प्रकार का भय का वातावरण न रहे और वे शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कर सकें, इसके लिए राजस्व और पुलिस की टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने और किसी प्रकार के अफवाह फैलाकर कानून व्यवस्था में विघ्न डालने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

## मतदान दल में शामिल कई कर्मचारी वोट नहीं डाल पाएंगे

कोरबा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तरह नगरीय निकाय में भी कई कर्मचारी वोट नहीं डाल पाएंगे। कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सोमवार को चुनाव सामग्री वितरण के समय भी की। दरअसल कई महिला कर्मचारियों ने स्वास्थ्य और अन्य कारण बताते हुए ड्यूटी से अलग करने आवेदन दिया था। लेकिन बाद में उनकी ड्यूटी लगा दी गई। कई लोगों का नाम भी काट दिया गया था। जिसकी वजह से उन्हें इलेक्शन ड्यूटी वोट जारी ही नहीं किया गया। विधानसभा चुनाव के समय कर्मचारियों को डाक मत पत्र जारी होता है। इस तरह निगम चुनाव में ईडीवी जारी किया गया था। जिन कर्मचारियों को यह वोट जारी किया गया था उनका मतदान भी हो चुका है। हालांकि समय निकलने के बाद इसमें कुछ भी नहीं हो सकता है।

## कोरबा की कमलदीप को गणतंत्र की पीएम परेड में मौका,और भी कैडेट किए जाएगें तैयार

**कोरबा।** प्रशिक्षण और लगन के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में लोग सफलता प्राप्त कर रहे है। नेशनल कैंडिडेट कोर छत्तीसगढ़ बटालियन 1 कोरबा यूनिट की कैडेट कमलदीप कौर ने गणतंत्र दिवस 2025 पर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम रैली में हिस्सा लेकर सभी को खुश कर दिया। कमांडिंग ऑफिसर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी कोशिश आगे और भी कैंडिडेट्स को राष्ट्रीय परेड के लिए तैयार करने की होगी। नेशनल कैडेट कोर. भारतीय सशस्त्र बलों की युवा शाखा है। एनसीसी, स्कूल और कॉलेज के छात्रों को बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देती है। एनसीसी का मकसद युवाओं में अनुशासन, साहस, और निस्वार्थ सेवा के आदर्श विकसित करना है। स्कूल और कॉलेज में एनसीसी की यूनिट स्थापित करने के साथ विद्यार्थियों को इससे लगातार जोड़ने और प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है। एनसीसी की छत्तीसगढ़ बटालियन 1 की कैडेट कमलदीप कौर ने अनुशासन और लगन के बलबूते विभिन्न प्रशिक्षण पूरे किए और वर्ष 2025 में कर्तव्य पथ दिल्ली में आयोजित परेड में भागीदारी करने की पात्रता पूरी की। उसने बताया कि इससे पहले साथ अवसर पर प्रशिक्षण में शामिल होना पड़ा। नई दिल्ली में भागीदारी के कई अच्छे अनुभव रहे और उसे सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ बटालियन से एकमात्र लेडी कैडेट की राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी से कमांडिंग ऑफिसर्स खुश नजर आए।

उन्होंने बताया कि आगे और अच्छा प्रशिक्षण देने के साथ हम कैडेट्स को विभिन्न स्तर की परेड के लिए तैयार करेंगे। इससे पहले नेशनल कैडेट कोर से जुड़कर छात्रों ने अलग-अलग स्तर की परेड में हिस्सा लिया और अपनी पहचान बनाई। एनसीसी में शामिल होने के साथ छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रमाण पत्र प्राप्त होते हैं और इनके जरिए वे अलग-अलग सेवाओं में जाने के लिए विकल्प हासिल कर लेते हैं।

## समाज,दर्शन और आस्था को प्रतिबिम्बित करते हैं प्रतीक

### सृष्टि के साथ इनका अपना महत्वः गायत्री

**कोरबा।** साहित्यकार और राष्ट्रीय कवि संगम की पदाधिकारी गायत्री शर्मा ने कहा है कि हिंदू संस्कृति में प्रतीकों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। ये प्रतीक न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित हैं, बल्कि ये समाज, दर्शन, जीवनशैली और आस्था से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। हिंदू धर्म में प्रत्येक प्रतीक का एक विशेष अर्थ होता है, जो किसी न किसी रूप में ब्रह्मांडीय ऊर्जा, देवी-देवताओं, तत्वों या आध्यात्मिक अवधारणाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

साहित्य के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रही गायत्री शर्मा अनेक सम्मान से अलंकृत हो चुके हैं । उन्होंने बताया कि ओम हिंदू धर्म का सबसे प्रमुख और पवित्र प्रतीक है। इसे ब्रह्मांड की मूल ध्वनि माना जाता है, जो संपूर्ण सृष्टि की उत्पत्ति और शक्ति को दर्शाता है। ओम के उच्चारण से मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। तरुण छत्तीसगढ़ से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि



स्वस्तिक हिंदू धर्म में मंगलकारी प्रतीक है। यह शुभता, सौभाग्य और उन्नति का द्योतक माना जाता है। स्वस्तिक के चार भुजाएँ चार दिशाओं, चार वेदों और चार युगों का प्रतिनिधित्व करती हैं। धार्मिक अनुष्ठानों, विवाह, गृह प्रवेश आदि शुभ अवसरों पर स्वस्तिक का चित्रण अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि एक और प्रतीक त्रिशूल भगवान शिव का प्रमुख अस्त्र है, जो तीन गुणों—सत्व, रज और तम का प्रतीक है। यह अज्ञान, अहंकार और बंधन का नाश करने की शक्ति दर्शाता है। त्रिशूल आत्मिक शक्ति, संतुलन और त्रिगुणात्मक शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।

इसके साथ ही कमल का फूल पवित्रता, ज्ञान और आत्मा की आध्यात्मिक ऊंचाई का प्रतीक है। यह देवी लक्ष्मी का प्रमुख चिह्न है और यह दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति संसार के कठिनाइयों से ऊपर उठकर ज्ञान और मोक्ष प्राप्त कर सकता है।बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है और इसे चढ़ाने से भक्तों को विशेष पुण्य मिलता है। वहीं, पीपल का वृक्ष हिंदू धर्म में अत्यंत पूजनीय माना जाता है क्योंकि इसे त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु और महेश) का वास स्थल माना जाता है।

दीपक ज्ञान, प्रकाश और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक है। दीप प्रज्वलन से अज्ञान रूपी अंधकार दूर होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

हिंदू संस्कृति में प्रतीकों का गहरा धार्मिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक महत्व है। ये प्रतीक न केवल देवताओं की शक्ति और सृष्टि के गूढ़ रहस्यों को दर्शाते हैं, बल्कि मनुष्य को सत्य, धर्म, करुणा और आत्मज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। यही कारण है कि ये प्रतीक हिंदू समाज और परंपराओं में हजारों वर्षों से पूजनीय हैं।

## सत्कर्म का फल प्राप्त होता है माघ पूर्णिमा पर हवन पूजन से



**कोरबा।** माघ पूर्णिमा पर विभिन्न नदियों में लोग पूण्य स्नान करने की परंपरा निभाएंगे। नक्षत्र और तिथि के साथ कई धार्मिक आधार माघ पूर्णिमा से जुड़े हुए हैं और लोग इसलिए इसे विशेष महत्व देते हैं। भागवताचार्य पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि माघ पूर्णिमा को चंद्रमा अपनी संपूर्ण कलाओं के साथ विद्यमान होते हैं इसलिए इस अवसर पर लोगों के द्वारा किए गए सत्कर्म का विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने हवन पूजन और अन्य अनुष्ठान के साथ इस अवसर पर भगवान को खीर कन्य विद्या अर्पित करने कहां परामर्श आस्थावान वर्ग को दिया है।

# धूल से बचाने कराया पानी का छिड़काव

**कोरबा ।** राजस्व कॉलोनी व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की सड़क की खुदाई की गई थी। यहां नगर निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाना है। इसके लिए खोदी गई सड़क की मिट्टी सड़क के किनारे फैला छोड़कर ठेकेदार अपना काम पूरा मान लिया था। साथ ही दो दिन बाद मिट्टी समतलीकरण करने की आधी-अधूरी कवायद की गई थी। इसके कारण कॉलोनीवासियों केसाथ आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भारी वाहन गुजरने से धूल का गुबार से परेशान होते थे। सोमवार को नगर निगम द्वारा अनुबंधित ठेकेदार ने कॉलोनीवासियों को धूल से बचाने के लिए अधूरे मिट्टी समतलीकरण को पूरा कराने का काम शुरू किया है। वहीं धूल से उड़ने से होने वाली परेशानी से बचाने के लिए पानी का छिड़काव कराया गया। हालांकि पानी का छिड़काव होने के कुछ घंटों तक धूल नहीं उड़ी लेकिन जैसे ही पानी सूखा सड़क से फिर धूल उड़नी शुरू हो गई थी। वहीं दोपहर बाद तक ठेकेदार अपने कुछ मजदूरों को लगाकर सड़क से मिट्टी की सफाई कराने में जुटा हुआ था।



# 13 साल में शुरू नहीं हो पाई पिटलाइन, अभी भी निर्णय नहीं

**कोरबा।** वर्ष 2012 से रेलवे स्टेशन के उरगा छोर पर पिटलाइन बनकर तैयार है। जरूरत है तो वहां सुविधा व संसाधन बढ़ाने की। प्रारंभ में सिंगल ट्रैक था अब डबल हो चुका है। 13 साल बीत चुके हैं। कई शीर्ष अधिकारी आए और चले भी गए। इतनी लंबी अवधि बीतने के बाद भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन व डिवीजन के अफसरों ने पिटलाइन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। इसके चलते प्रारंभ में वहां जो सुविधाएं विकसित की गई थीं वह अब गायब हो चुकी है।

चार्जिंग के लिए पिटलाइन पर बिजली के पोल, केबल, पाइंट, वाटर सप्लाई के लिए पाइपलाइन, मोटर पंप आदि दिए गए थे। दूसरा ट्रैक बिछे भी 8 साल हो गए हैं। पिटलाइन को रेलवे शुरू करेगा भी या नहीं, इसे लेकर अधिकारियों का जब भी कोरबा दौरा हुआ है नकारात्मक जवाब ही मिला है। इतना ही नहीं अलग-अलग विभागों में बैठे अलग-अलग अधिकारियों को पिटलाइन की वास्तविक स्थिति तक की जानकारी नहीं रहती है। कोई आज भी अधूरा बताते हैं तो कोई अधिकारी अन्य कारण बताकर टाल जाता है। इन सबसे अलग एसईसीआर के नए जीएम राजमल खोईवाल बीते माह कोरबा आए तो उन्होंने सीधे-सीधे कह दिया कि यह रेलवे बोर्ड का मामला, वे इस पर कुछ नहीं कह सकते।

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के लिए यह है बड़ी बाधा सबसे अधिक परेशानी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के यात्रियों को होती है। यह गाड़ी अमृतसर से चलकर आज भी बिलासपुर तक ही आ रही है। इस गाड़ी के यहां नहीं आने के पीछे सबसे बड़ी बाधा पिटलाइन का शुरू नहीं हो पाना है। यह गाड़ी यहां से अमृतसर के लिए तो चलती है लेकिन वापसी में नहीं। जिसके कारण अमृतसर से कोरबा आने वाले यात्रियों को बिलासपुर सुबह 10.55 बजे पहुंचने के बाद कोरबा आने के लिए कोई साधन नहीं मिलता है।इन गाड़ियों का हो सकता है मेंटेनेंस कोरबा रेलवे स्टेशन की पिटलाइन से शिवनाथ एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, हसदेव एक्सप्रेस का प्राइमरी व सेकेंडरी मेंटेनेंस हो सकता है। साथ ही 4 जोड़ी मेमू पैसेंजर गाड़ियों की भी वाशिंग व वाटरिंग कराई जा सकती है। सफाई के मामले में सबसे गंदी स्थिति मेमू पैसेंजर ट्रेनों में रहती है। इस गाड़ी में सफर करने वाले यात्रियों को साफ सफाई के अभाव में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एक मात्र द्वि-साप्ताहिक कोचुवेलि सुपरफास्ट एक्सप्रेस का जरूर मेंटेनेंस किया जा रहा है।



## कलश यात्रा के साथ शिवनगर में शिवमहापुराण कथा हुई शुरू

**कोरबा।** शिवनगर में पहली बार श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए हसदेव नदी तट पहुंची। जहां नदी का पवित्र जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंची। जहां घट स्थापना व कथा महात्म्य के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाएं, युवतियां, पुरुष, बच्चे उत्साह से शामिल हुए। कथा स्थल पर 12 ज्योतिर्लिंग की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही 12 हजार रुद्राक्ष से बना शिवलिंग



## प्रेक्षक प्रेम लता यादव ने पाली, कटघोरा व छुरी में स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरी निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला कोरबा हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम लता यादव ने आज पाली, कटघोरा एवं छुरी में स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। प्रेक्षक यादव ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। प्रेक्षक यादव ने पाली में एस.डी.एम सीमा पात्रे से निर्वाचन हेतु कि गई तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली वार्ड क्रं-8, 9 वार्ड कं-15 लोक सेवा केंद्र नगर पंचायत पाली, वार्ड क्रमांक 11, 12, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पाली सहित नगरीय निकाय छुरी और कटघोरा के स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

# नगरी निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लिए मतदाता

## जांजगीर चांपा जिले में 73 प्रतिशत का रहा औसत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले में कुल 11 नगर पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव में मतदाताओं ने सुबह 8 बजे से मतदान करने के लिए पंक्ति में नजर आए जहां लोकतंत्र के इस महा पर्व में केवल युवा वर्ग ही नहीं बल्कि वयोवृद्ध जन भी इस चुनाव में अपने मतदान का खुलकर प्रयोग किए हैं । इससे जिले का मतदान काफी अच्छा रहा है और मतदान का भी प्रतिशत लगभग 73 प्रतिशत के करीब जा पहुंचा है। जांजगीर चांपा जिले में तीन नगर पालिका परिषद है जिसमें चांपा,जांजगीर नैला एवं अकलतरा है वही नगर पंचायत में बलौदा नरियरा,पामगढ़, राहौद, खरौद,नवागढ़, सारागांव, शिवरीनारायण, मैं भी मतदाताओं ने खुलकर मतदान करने घर से निकले। इन पूरे 11 नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 192 वार्डों में लगभग दो से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।कहानी-कहानी तो पांच तक जा पहुंचा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के बोंगापार,गट्टानी स्कूल,नवीन स्कूल,सदर स्कूल ,आत्मानंद हाई स्कूल में मतदान शांतिपूर्ण रहा है वही चांपा के सभी मतदान केदो में मतदान की प्रक्रिया जोरो से चलते रहा है।कहीं वाद विवाद की स्थिति थोड़ी बहुत नजर आई वही बड़े हादसे होने से टाल गए।पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए,जहां पुलिस बल की तैनाती के अलावा नगर में पेट्रोलिंग गाड़ियां विशेष कर मतदान केन्द्रों के आसपास ही घूमते रही है इसके अलावा जिले के तमाम नगर पंचायत नगर पालिकाओं में पुलिस विभाग की उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी करने के लिए पेट्रोलिंग की जाती रही है। ताकि किसी भी वारदात को हैंडल किया जा सके । नतीजा यह रहा कि नगरी निकाय के इस चुनाव में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वैसे तो प्रत्येक प्रत्याशी जीतने के लिए चुनाव मैदान में है किंतु जिले के अधिकतर नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं में मतदाताओं की चांदी हो गई है जो अपने मत का प्रयोग करने के बदले में अपने प्रत्याशी से खुलकर लाभ लिए हैं अधिकतर वार्डों में भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी खुलकर कपड़े,दारू,बर्तन एवं रुपए बांटते नजर आए हैं ताकि उनकी जीत सुनिश्चित हो सके,किस वार्ड में कौन जीतेगा यह तो समय पर ही पता चलेगा किंतु जिस तरीके से इस चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन दिया गया है और उन्हें सामग्री वितरण की गई इससे यह चुनाव भारी महंगा हो गया है नतीजा यह है कि मतदाताओं की चांदी हो गई है और प्रत्याशी अपना वजूद बचाने के लिए सब कुछ न्योछावर करते नजर आए हैं।

देखा यह गया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के सामने स्वयं प्रत्याशी एवं उनके लोग मतदाताओं से खुद के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रलोभन देते रहे हैं। अनेक स्थान पर मतदान केंद्र के सामने प्रत्याशियों द्वारा रुपए भी बांटे गए हैं। जिसे देखकर लोकतंत्र पर तमाचे मारने जैसी बातें कही जा सकती है।



# दिल्ली में झूठ और लूट की राजनीति पर लगा पूर्ण विराम- अमर सुल्तानिया

## अब देश में मोदी और दिल्ली में भी मोदी



**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता हासिल की है. प्राप्त परिणाम अनुसार दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया है। इस महत्वपूर्व अवसर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने सभी विजयी भाजपा प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली में झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा है. अब देश की राजधानी वासियों को भी विकास, सुशासन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ मिल पाएगा. पिछले 11 वर्षों से जो स्थिति दिल्ली में पैदा की गई थी, उसने दिल्ली को बहुत पीछे धकेल दिया था पर अब मोदी की गारंटी का जादू है कि भाजपा दिल्ली में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के पाप का घड़ा भर चुका था. दिल्ली विकास के लिए तरस और तड़प रही थी. केजरीवाल और उनकी टीम ने जो वादाखिलाफी की थी, 11 सालों तक लगातार दिल्ली में केवल लूट और भ्रष्टाचार की खुली छूट थी. दिल्ली में लोग तंग आ चुके थे और हर जगह त्राहि-त्राहि थी. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को देखते हुए दिल्ली की जनता ने माना है कि अब बहाने बनाने वाले नहीं चाहिए. अब आरोप लगाने वाले नहीं चाहिए. अब देश में मोदी और दिल्ली में भी मोदी. अब दिल्ली को विकास की राह पर ले जाना है और बहाने बनाने वालों को बाहर का रास्ता दिखाना है. आज देश की राजधानी ने भाजपा को सेवा का अवसर दिया है और डबल इंजन वाली सरकार चौतरफा विकास कर दिल्ली की जनता पूरा मान रखेगी।

## तनाव मुक्त होकर बेहतर तरीके से करें परीक्षाओं की तैयारीः कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा।** विद्यार्थियों में परीक्षाओं का तनाव कम करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के बच्चों, अभिभावक और शिक्षकों से परीक्षा के संबंध में चर्चा करते हैं और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सकारात्मक जवाब देकर परीक्षा के तनाव को दूर करते हैं। इसी कड़ी में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा शामिल हुए।



## रवि पाण्डेय के प्रयास से उत्कर्ष मिश्रा की इलाज के लिए मिली 1.41 लाख

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय के प्रयासों से ग्राम सिवनी नैला निवासी उत्कर्ष मिश्रा पिता आलोक मिश्रा जो क्रोनिक थ्रोम्बोम्बोलिक पल्मोनरी हाईपरटेंशन नामक बिमारी से पीड़ित है। जिसका सर्जरी नारायणा इस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंस बैंगलोर कर्नाटका मे होना है।

सर्जरी के लिए डाक्टरों द्वारा खर्च का स्टीमेट बनाकर दिया गया था जो उत्कर्ष मिश्रा के लिए बड़ी राशि थी। इसकी जानकारी मिलने पर इंजी. रवि पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पुरी प्रक्रिया मे उत्कर्ष मिश्रा की सहायता किया और इस योजना के तहत 1.41 एक लाख इक्यालिस हजार रूपये की स्वीकृति मिली। राशि स्वीकृत होने पर उत्कर्ष मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जन सेवक इंजी. रवि पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि इंजी. पाण्डेय निरंतर जनहित के कार्यों मे विशेषकर स्वास्थ्य , शिक्षा और बिजली के क्षेत्र में प्रयास करते रहते है अभी तक अपने प्रयासो से वो शिवांश कश्यप बुड़ेना को 12.30 लाख, जाहिद खान पाली 16.10 लाख, अनुराग सूर्यवंशी 7.06 लाख, मन्नूलाल कश्यप कुरियारी, 7.86 लाख, उदय शर्मा चांपा 3.95 लाख, मयंक पिता दीना साहू 18.00 लाख, ग्राम सलखन निवासी संजय कश्यप 80 हजार की राशि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से प्राप्त हो चुकी है।

# कंडरा जंगल से पुलिस ने दबोचा जुआड़ियों को




**जांजगीर।** कंडरा जंगल में जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने पकड़ लिया। उनके कब्जे से 41 हजार 900 रुपए व तीन बाइक जब्त की गई। पंतोरा पुलिस के अनुसार चौकी में सूचना मिली कि कंडरा जंगल पहाड़ में कुछ जुआरी इकट्ठा हुए हैं।

इस पर पुलिस ने दबिश दी। कुछ जुआरी मौके से फरार हो गए। वहीं, पुलिस ने मौके पर जुआ खेल रहे जुआरी सिटी कोतवाली जांजगीर अंतर्गत ग्राम कुदरी निवासी शिव कुमार नागरची, ग्राम मड़वा निवासी शीत कुमार यादव, ग्राम मड़वा निवासी सुरेन्द्र यादव, नैला चौकी अंतर्गत ग्राम सरखो निवासी यशवंत यादव, चांपा निवासी मोहन लाल साहू, नगरदा थाना अंतर्गत ग्राम भूरकाडीह निवासी दयादास महंत और सिटी कोतवाली कोरबा निवासी गजानंद गुप्ता को पुलिस ने पकड़ लिया।

# बड़े धूमधाम से श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया गद्दी महोत्सव शिवरीनारायण मठ में

**शिवरीनारायण।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन धरा भगवान श्री शिवरीनारायण के परमधाम में गद्दी महोत्सव का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ अत्यंत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज शाम 5.30 बजे शिवरीनारायण मठ पहुंचे। यहां मठ मंदिर प्रशासन की ओर से उनका बाजे -गाजे जे के साथ पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 6ः00 बजे महोत्सव का शुभारंभ होम- हवन, यज्ञ पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। मठ मंदिर के उपरोहित एवं उनके सहयोगियों ने मंत्रोचार के साथ महाराज जी को महोत्सव स्थल तक आदर पूर्वक पहुंचाया?। यहां पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात गद्दी स्थल की सात परिक्रमा की गई तत्पश्चात् संपूर्ण जगत के स्वामी भगवान शिवरीनारायण को नमन करते हुए राजेश्री महन्त महाराज गद्दी पर विराजित हुए। जगदीश मंदिर के पुजारी श्री त्यागी महाराज ने विधिवत पूजा अर्चना करके गुरुदेव जी महाराज का तिलक लगाकर आरती किया, पुष्पमाला पहनाकर साल, द्रव्य, श्रीफल भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात मठ मंदिर के मुख्तियार श्री सुखराम जी दास जी महाराज ने पूजा अर्चना की एवं उसके बाद संत महात्माओं तथा श्रद्धालु भक्तों ने बारी-बारी से पूज्य गुरुदेव जी महाराज का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



माघ शुक्ल त्रयोदशी होने के कारण मंदिर में लोट मारते हुए आने वाले श्रद्धालु भक्तों की भी बड़ी संख्या थी, इन्होंने भी बारी-बारी से दर्शन लाभ प्राप्त कर प्रसाद एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यक्रम लगभग रात्रि 10.00 बजे संपन्न होगा राजेश्री महन्त महाराज भगवान श्री शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित होकर विश्व कल्याण की कामना करेंगे। इसी के साथ यह आयोजन संपूर्ण होगा। उल्लेखनीय है की यह महोत्सव शिवरीनारायण मठ में वर्ष में दो बार मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से वीरेंद्र तिवारी, योगेश शर्मा,देवा लाल सोनी, पवन सुल्तानिया,ओम प्रकाश सुल्तानिया, पुनीराम केसरवानी, देव केसरवानी, राजू गुप्ता,जगदीश यादव, रामखिलावन तिवारी, केशव अग्रवाल, अशोक शर्मा, प्रोफेसर कौशिक , सुखुराम पटेल, पुरेंद्र सोनी, दिलीप श्रीवास, प्रियांशु तिवारी,हर्ष दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण जाने तक उपस्थित थे।

# रास्ते के विवाद पर छोटे भाई व भतीजे ने ग्रामीण को पीटा

**जांजगीर।** खेत में जाने के लिए रास्ते की बात को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। बात मारपीट तक जा पहुंच गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले में छोटे भाई और भतीजे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। हसौद पुलिस के अनुसार डोटमा निवासी ग्रामीण फिरतु राम केंवट के घर के सामने उसके भाई छोटे भाई का मकान है। वहीं घर के पीछे से खेत में आने-जाने का रास्ता है।

गत 9 फरवरी को फिरतु का भतीजा राजू उसके घर पहुंचा और उसने फिरतु पर खेत में रास्ता नहीं छोड़ने का आरोप लगाते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। कुछ देर के बाद फिरतु का छोटा भाई वहां पहुंचा और वह भी उसके साथ गाली गलौज करने लगा।? फिरतु ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया तो दोनों ने मिलकर डंडे से मारपीट करने लगे। इसी बीच फिरतु पत्नी सुरू?ती बाई और उसके पिता गंगाप्रसाद ने बीच बचाव किया। वारदात के बाद ?फिरतु थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों के? खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# विश्वकर्मा मंदिर में विशेष पूजा के साथ सुंदरकांड और भंडारा लगाया

**अंबिकापुर।** विश्वकर्मा सेवा समिति ने श्री विश्वकर्मा पूजन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मरीन ड्राइव के पास विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूरे दिन लोग मंदिर में पूजा-पाठ के लिए आते रहे। मंदिर में सुबह सुंदरकांड पाठ, देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा, हवन-पूजन किए गए। वहीं बच्चों ने फुलवारी कार्यक्रम के तहत भगवान गणेश की वंदना की।कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। वहीं दोपहर में कार्यक्रम आयोजित कर बुजुर्गों का सम्मान समारोह किया गया। वहीं सुबह शाम भंडारे में प्रसाद का वितरण किया गया। शाम में संध्या महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में शहर के भक्त शामिल हुए। पूजन समारोह में समिति के अध्यक्ष जयसियाराम विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, रंजन शर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र शर्मा, नवलकिशोर शर्मा, शेषनाथ शर्मा, रविंद्र शर्मा, ब्यास विश्वकर्मा व अन्य सदस्य शामिल हुए।


**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

20250205060003
रा.प्र.क्र.-/अ-121/2024-25
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बी.बाबू राव पिता स्व. बी. गोपाल राव नायडू निवासी MIG-16 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 में ख.नं. 245/15 स्थित है, जिसमें भूखण्ड/भवन क्र. MIG-16 क्षेत्रफल 119.07 वर्गमीटर को नगर पालिक निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया था। नगर पालिक निगम के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 27.12.2024 के माध्यम से उक्त भूखण्ड/भवन क्रमांक MIG-16 क्षेत्रफल 119.07 वर्गमीटर को आवेदक के नाम पर हस्तांतरण किये जाने से अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)


# शिक्षिका को बंधक बना कर लूटा

**अंबिकापुर।** जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनमेरा में किराए के घर में रह रही एक शिक्षिका के घर में लूट हो गई। नकाबपोश बदमाश छप्पर तोड़कर छत से घर में घुसे और शिक्षिका दिव्यकांति टोप्पो को बंधक बना लिया। मारपीट की धमकी देते हुए उन्होंने आलमारी खोलकर उसमें रखे कैश 3500 रुपए और सोने-चांदी के जेवर लूट लिए। इसके बाद पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

शिक्षिका डरी-सहमी रही। पुलिस ने बताया कि शिक्षिका मूलतः जशपुर जिले की है और उनकी पोस्टिंग सीतापुर ढोढ़ागांव हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक हैं। घटना शुक्रवार-शनिवार की रात की है। पुलिस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का अपराध दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। पति के लौटने पर दूसरे दिन थाने में की रिपोर्ट घटना के समय शिक्षिका के पति घर में नहीं थी। वे दूसरे दिन सुबह लौटे तो शिक्षिका ने उनके साथ पुलिस चौकी जाकर घटना की रिपोर्ट की। तब मामला सामने आया।

वे बदमाशों को पहचान नहीं पायी। वे चेहरे को पूरी तरह ढंके हुए थे।

## रंजिश पर युवक को पीटा, 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**जांजगीर।** रंजिश को लेकर कुटीघाट मेला में तीन लोगों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। मुलमुला पुलिस के अनुसार ग्राम कोसा का रहने वाला संजू यादव अपने दोस्तों के साथ 9 फरवरी को कुटीघाट मेला घूमने गया था। शाम लगभग 4 बजे पैधार में रहने वाले कुछ युवक के पास पहुंचे और पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। संजू ने उसे गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की। मेले में मारपीट होता देख आसपास के लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। संजू ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी और थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित के पिता कौशल यादव की रिपोर्ट पर तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बिलासपुर में 2 दिन में अवैध शराब के 42 केस

**बिलासपुर ।** बिलासपुर में नगरीय निगम चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई की। इस दौरान पिछले दो दिन के भीतर 42 केस दर्ज किए गए। जिसमें 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 4 हजार 805 लीटर शराब जब्त किया गया है।

एसपी रजनेश सिंह ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बादसभी थानों के टीआई के नेतृत्व में टीम तैयार कर छापेमारी की गई। इस दौरान सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 3 मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से 108 लीटर शराब जब्त की गई। इसी तरह सिटी कोतवाली क्षेत्र में 7 प्रकरणों में 8 को गिरफ्तार कर 162 लीटर शराब बरामद की गई। सरकंडा से 15 केस बने। यहां 15 आरोपियों से 1768 लीटर, चकरभाठा से 6 प्रकरणों में 6 आरोपियों से 250 लीटर, कोटा से 11 प्रकरणों में 11 आरोपियों से 2517 लीटर शराब जब्त किया गया। इस दौरान 42 मामले में 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कई महिलाएं अवैध शराब का धंधा करते पकड़ी गई है। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने महुआ शराब बेचने का धंधा शुरू कर दिया है। इस



कार्रवाई से पहले पुलिस ने महिलाओं को समझाइश भी दी थी। लेकिन, पैसा कमाने के लालच में उन्होंने पुलिस की चेतावनी को भी नजरअंदाज कर दिया।

एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी कर चुनाव के बाद भी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि, अवैध कारोबार में शामिल लोगों की धरपकड़ की जा सके और अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लग सके।

## अनमोल वचन......

**अपने मन को स्थिर रखकर सभी परिस्थितियों में धैर्य बनाये रखें।**

## राहत की बड़ी सौगात

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत की बड़ी सौगात दी है। यह कि 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कर नहीं लगेगा जिससे लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा बच सकेगा। फलस्वरूप घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियों में रवानी आने से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने शनिवार को लोक सभा में वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जो उनका लगातार आठवां बजट रहा, जो कीर्तिमान है। इस राहत से करीब एक करोड़ लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का भी प्रस्ताव है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा है कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा'। बेशक, बजट में जिस प्रकार से आयकर से राहत दी गई है, वह बाकी सभी बजट प्रावधानों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण दिखलाई पड़ रही है। हालांकि हर बजटीय प्रावधान खासे विमर्श के बाद किया जाता है। लेकिन आयकर में राहत महत्त्वपूर्ण है क्यों कि अरसे से इस बाबत मांग की जा रही थी। अब यह राहत मिली है, तो इसे कुछ लोग चुनाव के मद्देनजर किया गया बदलाव करार दे रहे हैं। इस साल के आखिर में बिहार और इसी फरवरी में दिल्ली में विधानसभा के चुनाव हैं। बिहार के लिए भी पैकेज घोषित किया है, और आयकर में राहत से एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 85 प्रतिशत करदाताओं को अब आयकर नहीं देना पड़ेगा। बहरहाल, आम बजट से चुनावी से इतर अनेक लाभ मिलने तय हैं। महंगाई कम करने के साथ ही बजट रोजगार सृजन में सहायक होगा। रक्षा क्षेत्र और पूंजीगत व्यय में वृद्धि करने के साथ ही नियामक सुधारों पर बल दिया गया है। वरिष्ठ जन की एक लाख रुपये तक की ब्याज आय को कर-मुक्त रखा गया है, जो यकीनन सराहनीय है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए भी उत्साहजनक ऐलान है। स्वास्थ्य क्षेत्र और ईवीएम से जुड़ खचरे के लिए भी खासा आवंटन है। वित्त मंत्री ने रेल बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति ही 2.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बेशक, बजट की आलोचना करने के लिए तमाम तर्क गढ़े जा सकते हैं, लेकिन इतना तो कहना होगा कि बजट समाज के व्यापक वर्ग के हित में दिख रहा है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनत्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी। नौकरी करने वाले लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और कोई बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनों भरा हो सकता है। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक सकता है, जिसके कारण उनके माता-पिता परेशान हो सकते हैं।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा। आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों की बात करें, तो छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करन पड़ेगा। पति-पत्नी का आपसी सहयोगात्मक व्यवहार आपसी नजदीकियां बढ़ाएगा। आज अपने मनोबल को मजबूत बनने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनफा होगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिंत हो जाए ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने-फिरने का भी प्रोग्राम बनेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहन होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी। आपके परिवार में आपके कामों को देखते हुए आपकी प्रसिद्धि बहुत अधिक बढ़ सकती हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही न बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका कोई धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है।

# कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय कामगारों की स्थिति पर चिंता

//कुमार समीर//

**भारतीय कामगारों का वर्किंग कल्चर, स्टाइल, काम करने के घंटे हमेशा से बहस का मुद्दा रहे हैं। इस कड़ी में स्किल्ड, अन-स्किल्ड को केंद्र में रखकर विभेद की भी बात सामने आती रहती हैं। हाल में जारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है। काम के घंटे को लेकर कुछ दिनों पहले काफी विवाद देखा गया।**

इससे इतर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की हाल में जारी कैब चालक-डिलीवरी ब्वाय जैसे कामगारों (गिग वर्कर्स) की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट में साफ साफ शब्दों में माना गया है कि गिग वर्कर्स यानी ऐप आधारित कैब चालक, डिलीवरी ब्वाय या इसी तरह का अन्य काम करने वाले 83 फीसद कामगार रोजाना चुनौतियों का सामना करते हुए औसतन दस घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं। नतीजतन इन कामगारों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है।

रिपोर्ट में टारगेट डिलीवरी को खतरनाक माना गया है और कहा गया है कि गिग वर्कर्स को एक निश्चित समयावधि में समान की डिलीवरी करनी होती है। समय पर टारगेट पूरा नहीं होने से शारीरिक, मानसिक रूप से तनाव बढ़ता है। रिपोर्ट में गिग वर्कर्स के लिए मौजूदा रेटिंग प्रणाली पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की गई है और इसे मनमानी करार देते हुए इसकी समीक्षा पर बल दिया गया है। कई बार बेहतर काम करने के बावजूद इन गिग वर्कर्स को खराब रेटिंग मिलती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इन गिग वर्कर्स की चुनौतियों को दूर करने व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियामक ढांचा तैयार करने और इसके जरिए लक्षित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

इनकी चुनौतियों में लंबे समय तक काम करना, वित्तीय तनाव और शारीरिक थकावट शामिल है। इनके लिए थोड़ी राहत वाली बात यह है कि झारखंड, कर्नाटक और राजस्थान जैसे कुछ राज्य इन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य बीमा, न्यूनतम मजदूरी, तनाव मुक्त कार्य स्थितियों से संबंधित उनकी अन्य चिंताओं को दूर करने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

हालांकि केंद्र सरकार ने इस आगामी 2025-26 वित्तीय वर्ष के बजट में देश के गिग वर्कर्स जिनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है, उन सभी कामगारों को पहचान देने के लिए पंजीकरण करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इससे उम्मीद जगी है और इसी तरह की उम्मीद कारपोरेट जगत के कामगारों में जगाने की जरूरत है क्योंकि यहां के कर्मचारी भी जबरदस्त तनाव में रहते हैं। ये लोग औसतन दस घंटे से कहीं अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं।

इनके नारायण मूर्ति, एस.एन. सुब्रमण्यम जैसे मालिकानों की सोच बदलनी होगी और उन्हें अहसास दिलाना होगा कि उनकी इस तरह की सोच, नजरिया से न तो उनका और ना ही कामगारों का भला होने वाला है। आर्टफीशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब काम के घंटे बढ़ाने के कारण देश में और भी बेरोजगारी बढ़ेगी, यह तय है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि अर्थनीति की दिशा बदली जाए काम के घंटे घटाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जाए और रोजगार को संवैधानिक अधिकार बनाकर राज्य की जिम्मेदारी तय की जाए कि वह नौजवानों के लिए रोजगार/नौकरी को सुनिश्चित करे।

स्वीडन ने छह घंटे कार्यदिवस की नीति अपनाई, जिससे कर्मचारियों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई। जर्मनी ने भी कार्य घंटों को सीमित कर कर्मचारियों को दक्षता और कुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि कार्य घंटों को घटाने से कर्मचारियों की संतुष्टि और उत्पादकता दोनों में सुधार होता है, जो संगठनों की दीर्घकालिक प्रगति के लिए भी फायदेमंद है। भारत में इस दिशा में सुधार के लिए व्यापक नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है।

श्रम कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि कार्यदिवस के घंटे तय हों और कंपनियां इन नियमों का सख्ती से पालन करें। स्मार्ट वर्क' के विचार को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे कर्मचारी अपनी दक्षता और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करते हुए कम समय में बेहतर परिणाम दे सकें। अंततः संगठनों को यह समझना होगा कि उत्पादकता केवल काम के घंटों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह कर्मचारियों की प्रेरणा, कौशल-सम्मान और प्रोत्साहन पर आधारित होती है। कर्मचारियों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रेरित करना और उनकी क्षमताओं का सही आकलन करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। संतुलित कार्यसंस्कृति न केवल कर्मचारियों को संतुष्टि प्रदान करती है, बल्कि उनकी उत्पादकता और समर्पण को भी बढ़ाती है।

# काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप

//डॉ. जयंतीलाल भंडारी//

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग को मुस्कुराहट देते दिखाई दे रहा है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ा कर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं।**

अगर यह बात सही है तो फिर क्या वजह है कि खिलाडियों पर खर्चा करने की बजाय खर्चीले खेल आयोजनों पर अरबों रुपया बर्बाद किया जाता है। कुछ हजार रुपये का कर्जा लेने वाले किसान आत्महत्या करते हैं और लाखों करोड़ का बैंकों का कर्जा हड़पने वाले उद्योगपति ऐश। आधी जनता भूखे पेट सोती है और एफसीआई के गोदामों में करोड़ों टन अनाज सड़ता है। विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मीडिया भी ऐसी अव्यवस्था का नंगा नाच दिखाने में पीछे नहीं रहते।

नतीजतन, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम सीमा पर पहुंचता जा रहा है। सरकार के पास विकास के लिए धन की कमी नहीं है पर धन का सदुपयोग कर विकास के कामों को ईमानदारी से करने वाल पैसे-पैसे के लिए धक्के खाते हैं और नकली योजनाओं पर अरबों रुपया डकारने वाले सरकार का धन बिना रुकावट खींच ले जाते हैं। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस का क्या अर्थ लिया जाए। यही न कि हमने आजादी के नाम पर गोरे साहबों को धक्का देकर काले साहबों को बिठा दिया। पर काले साहब तो लूट के मामले में गोरों के भी बाप निकले। स्विटजरलैंड के बैंकों में सबसे ज्यादा काला धन जमा करने वालों में भारत काफी आगे है। इसलिए जरूरत है हमारी सोच में बुनियादी परिवर्तन की।

सब चलता है' और ऐसे ही चलेगा' कहने वाले इस लूट में शामिल हैं। जज्बा तो यह होना चाहिए कि देश सुधरेगा क्यों नहीं।' हम ऐसे ही चलने नहीं देंगे'। अब सूचना क्रांति का जमाना है। हर नागरिक को सरकार के हर कदम को जांचने-परखने का हक है। इस हथियार का इस्तेमाल पूरी ताकत से करना चाहिए। सरकार चाहे किसी भी दल की क्यों न हो उसमें में जो लोग बैठे हैं, उन्हें भी अपना रवैया बदलने की जरूरत है। एक मंत्री या मुख्यमंत्री रात के अंधेरे में मोटा पैसा खाकर उद्योगपतियों के गैर- कानूनी काम करने में तो एक मिनट की देर नहीं लगाता। पर यह जानते हुए भी कि फलां व्यक्ति या संस्था राज्य के बेकार पड़े संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल कर सकती है, उसके साथ वही तत्परता नहीं दिखाता। आखिर क्यों। जब तक हम सही और अच्छे को बढ़ावा नहीं देंगे, उसका साथ नहीं देंगे, उसके लिए आलोचना भी सहने से नहीं डरेंगे तब तक कुछ नहीं बदलेगा। नारे बहुत दिए जाएंगे पर परिणाम केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे। सरकारों ने अगर अपने अधिकारियों के विरोध की परवाह करते हुए अपने कार्यकालों में कई सक्षम लोगों को यदि खुली छूट न दी होती तो अमूल और मेट्रो जैसे हजारों करोड़ के साम्राज्य कैसे खड़े होते। आम आदमी के लिए रोजगार का सृजन करना हो या देश की गरीबी दूर करना हो, सरकार की नीतियों में बुनियादी बदलाव लाना होगा। केवल आंकड़े ही नहीं साक्षात परिणाम देख कर भी नीति बननी चाहिए।

खोजी पत्रकारिता के चार दशक के मेरे अनुभव यही रहे कि बड़े से बड़ा भ्रष्टाचार बड़ी बेशर्मी से कर दिया जाता है पर सच्चाई और अच्छाई का डट कर साथ देने की हिम्मत हमारे राजनेताओं में नहीं है। इसीलिए देश का सही विकास नहीं हो रहा। खाई बढ़ रही है। हताशा बढ़ रही है। हिंसा बढ़ रही है। पर नेता चारों ओर लगी आग देख कर भी कबूतर की तरह आंखें बंद किये बैठे हैं। इसलिए फिर से समाज के मध्यम वर्ग को समाज के हित में सक्रिय होना होगा। मशाल लेकर खड़ा होना होगा। टीवी सीरियलों और उपभोक्तावाद के चंगुल से बाहर निकल कर अपने इर्द-गिर्द की बदहाली पर निगाह डालनी होगी ताकि हमारा खून खौले और हम बेहतर बदलाव के निमित्त बन सकें।

विनाश के मूक द्रष्टा नहीं। तब ही हम सही मायने में आजाद हो पाएंगे। फिलहाल तो उन्हीं अंग्रेजों के गुलाम हैं जिनसे आजादी हासिल करने का मुगालता लिए बैठे हैं। हमारे दिमागों पर उन्हीं का कब्जा है जो घटने की बजाय बढ़ता जा रहा है। ये बातें या तो शेखचिल्ली के ख्वाब जैसी लगती हैं या किसी संत का उपदेश। पर ऐसा नहीं है। इन्हीं हालात में बहुत कुछ किया जा सकता है। देश के हजारों लाखों लोग रात दिन निष्काम भाव से समाज के हित में समर्पित जीवन जी रहे हैं। हम इतना त्याग न भी करें तो भी इतना तो कर ही सकते हैं कि अपने इर्द-गिर्द की गंदगी को साफ करने की ईमानदार कोशिश करें। चाहे वह गंदगी हमारे दिमागों में हो, हमारे परिवेश में हो या हमारे समाज में हो। हम नहीं कोशिश करेंगे तो दूसरा कौन आकर हमारा देश सुधारेगा।

# गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं

केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुई। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए।

मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है। अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही।अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। इस उम्मीद और सपने को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की जनता ने भरपूर साथ दिया। पहली 54.3 प्रतिशत वोट और 67 सीटें तो दूसरी बार 53.57 प्रतिशत वोट और 62 सीटें देना एक तरह से बेहतर और चमकीले सपनीले भविष्य को लेकर जनाकांक्षाओं का उफान था। कभी बंगला और गाड़ी न लेने, वीआईपी कल्चर को न अपनाने के वायदे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल धीरे-धीरे इसी जनाकांक्षा को भूलते चले गए। दूसरे कार्यकाल में तो वे तानाशाह की तरह खुद को स्थापित करते गए। झूठ और फरेब की राजनीति को ही उन्होंने अपनी सियासी आदत बना लिया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की भारी जीत के बाद जैसे उनका खुद पर नियंत्रण नहीं रहा। आम आदमी पार्टी में सिर्फ उनकी ही चलती थी। लोकतंत्र का मुखौटा भी वहां नहीं रह गया था। वैसे भी आम आदमी पार्टी को पहली आर्थिक मदद देने वाले प्रशांत भूषण,. वैचारिक आधार तैयार करने वाले योगेंद्र यादव और प्रोफेसर आनंद कुमार के साथ ही अपने साथी रहे कुमार विश्वास को पार्टी से पहले ही बाहर कर चुके थे। उनके साथ रहे उनके आंदोलन के दिनों के साथी मनीष सिसोदिया और स्वाति मालीवाल। हालांकि उनके शासन के आखिरी दिनों में जिस तरह स्वाति की मुख्यमंत्री के घर में ही पिटाई हुई, उसने केजरीवाल के स्वभाव की एक तरह से कलई खोल दी। केजरीवाल ने अपने पहले कार्यकाल में बेशक अच्छे कार्य किए। मोहल्ला क्लीनिक का विचार दिया और उसे लागू किया। शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ाया, दो सौ यूनिट तक बिजली और एक सीमा तक पानी मुफ्त दिया। महिलाओं को फ्री में बस यात्रा की सहूलियत दी। लेकिन इसके साथ ही दिल्ली में भ्रष्टाचार बढ़ता गया। दो साल पहले के चुनाव में नगर निगम पर भी उनका कब्जा हो गया। इसके पहले दिल्ली की सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम पर अपना नियंत्रण ना होने का बहाना बनाते रहे थे, लेकिन अब वह बहाना भी नहीं रहा। फिर भी दिल्ली गंदी होती चली। दिल्ली की लाइफ लाइन मानी जाने वाली डीटीसी के बेड़े से बसें कम होती चली गईं। केजरीवाल के दौर में हवा-हवाई घोषणाएं खूब हुईं। इसकी वजह से उनसे फायदा लेने वाले लोग भी खुश नहीं थे। डीटीसी के कर्मचारियों, बसों में तैनात मार्शलों आदि को स्थायी नौकरियां देने का वादा कर चुके केजरीवाल उन्हें नौकरियां नहीं दे पाए।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बड़े हनुमान मंदिर में उपहार मिला।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान बड़े हनुमान मंदिर में अनुष्ठान करती हुई।



अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 के उद्घाटन में शामिल हुए।



प्रयागराज में त्रिवेणी संगम की ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से महाकुंभ स्थल के पास भारी यातायात जाम।

# दोबारा पारित बिलों को राष्ट्रपति को कैसे भेज सकते हैं सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु राज्यपाल की चुप्पी पर उठाया सवाल



**नईदिल्ली, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को लंबे समय तक दबाए रखने और लंबी चुप्पी साधने पर सोमवार को सवाल उठाया। कोर्ट ने राज्यपाल की ओर से पक्ष रख रहे अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा कि आप इतने लंबे समय तक चुप्पी क्यों साधे रहे, अगर आपको विधेयकों पर कोई आपत्ति थी तो राज्य सरकार को क्यों नहीं बताया। हो सकता है कि वह आपसे सहमत होती।कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल दोबारा पारित बिलों को राष्ट्रपति को कैसे भेज सकते हैं। सोमवार को भी कोर्ट ने दोनों पक्षों से कई सवाल पूछे। सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस जेबी पार्डीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले पर सुनवाई की। तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर राज्यपाल आरएन रवि पर लंबे समय तक विधेयकों को दबाए रखने का आरोप लगाया है। याचिका के मुताबिक कुछ विधेयक 2020 से लंबित हैं। तमिलनाडु सरकार के मुताबिक राज्यपाल ने 12 विधेयकों पर पहले लंबे समय तक मंजूरी नहीं दी और उन्हें रोके रखा। उसके बाद विधानसभा ने विशेष सत्र बुलाकर विधेयकों को दोबारा पारित किया। फिर राज्यपाल ने 10 विधेयक राष्ट्रपति को विचार के लिए भेज दिए। राज्यपाल की ओर से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने पक्ष रखा और संविधान में प्राप्त राज्यपाल की शक्तियों का जिक्र करते हुए राज्यपाल के विधेयकों पर मंजूरी रोके रखने और बाद में उन्हें राष्ट्रपति को भेजने को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को ऐसा करने का अधिकार है।पीठ ने वेंकटरमणी से कई सवाल पूछे। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल ने जब विधेयकों पर मंजूरी रोकी तो ऐसा करने के पीछे निश्चित रूप से उनके मन में कुछ रहा होगा तब फिर उन्होंने सरकार को क्यों नहीं बताया कि उन्हें किस चीज पर आपत्ति है। वो एक-दो साल तक चुप्पी साधे रहे और मंजूरी रोके रहे। उसके बाद उन्होंने विधेयकों को राष्ट्रपति को भेज दिया। दोबारा पारित बिलों को वह राष्ट्रपति को कैसे भेज सकते हैं। वेंकटरमणी ने कहा कि संविधान में इसकी मनाही नहीं है। राज्य सरकार को बताने पर अटार्नी जनरल ने कहा कि राज्यपाल ने पहले राज्य सरकार को बताया था कि उन्हें विधेयक में राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति के गठन को लेकर आपत्ति है। राज्यपाल जो कि राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं, चाहते थे कि उस समिति में यूजीसी चेयरमैन द्वारा नामित व्यक्ति शामिल किया जाए। वेंकटरमणी ने कहा कि इसके बाद राज्य विधानसभा ने विधेयक पारित किया जिसमें राज्यपाल जो विश्वविद्यालय का पदेन कुलाधिपति होता है, उसे कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया से हटा दिया। इस पर पीठ ने कहा कि तब आप विधेयक पर चुप क्यों रहे अगर आपको विधेयक केंद्रीय कानून के विपरीत लग रहा था और आपत्ति थी तो राज्य सरकार को क्यों नहीं बताया।विधानसभा को मालूम होना चाहिए कि उन्हें क्या आपत्ति है। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि राज्यपाल बताएं कि क्या कारण है जिसकी वजह से उन्होंने विधेयकों पर मंजूरी रोकी है। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट कई कानूनी सवालों पर भी विचार करेगा जिसमें राज्यपाल के मंजूरी रोके रखने का विशेषाधिकार भी शामिल है।

## देह व्यापार के धंधे की मास्टरमाइंड रेशमा खान गिरफ्तार हुक्का बार में आने वाली लड़कियों को बनाती थी शिकार

**गोरखपुर।** भोलेपन का सौदा, भरोसे के साथ धोखा और मासूम जिंदगियों की मंडी पुलिस ने एक ऐसे संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया था, जो लड़कियों को बहला-फुसलाकर देह व्यापार में धकेलता था। इस घिनौने खेल की मास्टरमाइंड रेशमा खान को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। रेशमा ने पुलिस को चकमा देने के लिए अपना नाम तक बदल लिया था, लेकिन आखिरकार कानून के शिकंजे में फंस ही गई। इसके अलावा हुक्का बार में काम करने वाली युवती व एक युवक भी पकड़े गए हैं जो गिरोह से जुड़े थे। तीनों को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। रामगढ़ताल पुलिस जांच में सामने आया कि रेशमा खान शाहपुर के गीता वाटिका स्थित 'जेनिस बॉटल रेस्टोरेंट' के हुक्का बार में सक्रिय थी। वह वहां आने वाली लड़कियों पर नजर रखती, उनकी परेशानियों और कमजोरियों को समझती और फिर उन्हें जाल में फंसाने के लिए दोस्ती करती।

रेशमा का गिरोह बेहद संगठित था। पहले लड़कियों को पार्टी के नाम पर हुक्का बार में बुलाया जाता, फिर वहां उन्हें महंगे गिफ्ट और रुपये का लालच दिया जाता। धीरे-धीरे उन्हें देह व्यापार के दलदल में धकेल दिया जाता। अगर कोई लड़की मना करती, तो उसे धमकाया जाता कि उसकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर देंगे। इस गिरोह के बारे में पुलिस को जानकारी दो जनवरी को हुई जब रामगढ़ताल क्षेत्र की एक किशोरी ने सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। पहले पुलिस इसे एक सामान्य अपराध मान रही थी, लेकिन जब जांच गहराई तक गई, तो पूरा सच सामने आया। इसके बाद, 10 जनवरी को कैंपियरगंज और 13 जनवरी को देवरिया की किशोरियों ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। इन मामलों की छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि लड़कियों को हुक्का बार में ले जाकर देह व्यापार के धंधे में धकेला जाता था। रेशमा खान पहले इस गिरोह का शिकार बनी थी, लेकिन धीरे-धीरे वह इस काले धंधे का हिस्सा बन गई। तीन वर्ष पहले वह गिरोह के सरगना अनिरुद्ध ओझा के संपर्क में आई थी।

# प्रदेश भर में जमीनों की रजिस्ट्री होगी पेपरलेस, मंत्रिमंडल की मुहर लगने की देर

**देहरादून, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश में अब रजिस्ट्री कार्यालयों में जमीन संबंधित रजिस्ट्री पेपरलेस होगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में पूरी तैयारी कर ली हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से रजिस्ट्री में फर्जीवाड़े को रोका जा सकेगा। इस संबंध में प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। मंत्रिमंडल की मुहर लगने के बाद यह व्यवस्था क्रियान्वित की जाएगी। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में स्टांप एवं निबंधन विभाग के अंतर्गत लेख पत्रों की रजिस्ट्री के उपरांत स्कैन कापी को कार्यालय में अनुरक्षित करने की व्यवस्था विद्यमान थी। अबत मूल लेख पत्रों को पक्षकारों को वापस करने की व्यवस्था को तकनीकी रूप से उन्नत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध तरीके से सुधार के लिए पूरी व्यवस्था पेपरलेस किए जाने पर सरकार विचार कर रही है। इसके अंतर्गत पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, आधार प्रमाणीकरण, वर्चुअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में उत्तराखंड ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2025 का प्रस्ताव बनाने पर सरकार को निर्णय लेना है।उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद भी विलेखों में पंजीकरण के लिए पक्षकार अपने ही स्थान से लेखपत्रों को तैयार कर ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेगा। इसके अलावा, स्टांप ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकेगा। पक्षकारों के पास यह सुविधा भी रहेगी कि सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में स्वयं उपस्थित होकर अथवा वीडियो केवाईसी के माध्यम से दस्तावेज सत्यापन कर सकेंगे।



उन्होंने बताया कि इसके बाद संबंधित सब रजिस्ट्रार भी विलेखों में वर्णित तथ्यों का परीक्षण करने के बाद डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से प्रक्रिया पूर्ण करेंगे और वॉट्सएप तथा ईमेल के माध्यम से तत्काल पक्षकार को प्रेषित भी करेंगे।

उन्होंने बताया कि उक्त प्रक्रिया को आधार प्रमाणीकरण से भी इंटरलिंक किया जाएगा, ताकि जन सुविधा के साथ-साथ पारदर्शिता को बढ़ावा मिले और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके। इस व्यवस्था के लागू होने से रजिस्ट्री प्रक्रिया में हो रहे फर्जीवाड़े को भी रोका जा सकेगा। सरकार पारदर्शिता के साथ ही कार्यप्रणाली को ज्यादा जनसुलभ बनाने के लिए डिजिटल माध्यमों को अपना रही है। इसी क्रम में जमीनों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पेपरलेस की जा रही है। इससे व्यक्ति को अपने स्थान से ही ऑनलाइन रजिस्ट्री करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही कागज की खपत कम होने से पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेगा।

# 1.08 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार, मकान मालिक के निरक्षर होने का उठाया था नाजायज फायदा

**इटावा।** धोखाधड़ी करके एक करोड़ 8 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को वैदपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित के निरक्षर होने का नाजायज फायदा उठाया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि राजकुमार पुत्र बालादीन निवासी विचपुरी थाना वैदपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने अपनी चार बीघा जमीन, मकान व चार दुकानें अपने किरायेदार सत्यपाल पुत्र जैसीराम की राय से 1.08 करोड़ रुपये में बेच दी थी। राजकुमार पढ़े लिखे नहीं है, केवल हस्ताक्षर ही कर पाते हैं, किरायेदार सत्यपाल ने नौ नवंबर 2015 को एचडीएफसी बैंक शाखा वैदपुरा में उनका खाता खुलवाया तथा धोखे से खाते में अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराकर चेकबुक एवं पासबुक अपने पास रख ली। राजकुमार ने जमीन विक्रय के 41 लाख रुपये अपने खाते में जमा किए। शेष रुपये सत्यपाल सिंह द्वारा ही नकद ले लिए। उसके उपरांत सत्यपाल द्वारा षड्यंत्र के तहत कूटरचित रचना करके चेक, एटीएम एवं मोबाइल से राजकुमार के खाते से सारा धनराशि निकाल ली गई।अभियोग की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए कि सत्यपाल सिंह द्वारा राजकुमार को झांसे में लेकर पिता-पुत्र का नाता बनाकर उससे उसकी चार बीघा जमीन चार दुकानें व एक घर को बिक्री कर करीब 1.08 करोड़ रुपये, जिसमें से 27 लाख राजकुमार के अकाउंट से सीधे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराए तथा करीब 13 लाख रुपये एटीएम व आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से तथा करीब 68 लाख रुपये नकद (दूसरी जगह पर जमीन दिलाने के एवज में) हड़प लिए। पुलिस ने वांछित सत्यपाल पुत्र जैसीराम निवासी नगला खंदारी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को छिमारा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। सत्यपाल ने बताया कि उसने राजकुमार की दुकान किराये पर लेकर खाद बीज विक्रय का कार्य किया था। उनके ऊपर काफी कर्जा हो गया था, जिसके चलते उसने राजकुमार को भरोसे में लेकर उसकी जमीन व मकान व दुकानों को बिक्री कर दूसरी जगह अच्छी जमीन देने का झांसा देकर विक्रय कराया था।

# एक दूसरे को खत्म करने के लिए लड़ा चुनाव, दिल्ली के नतीजों पर शिवसेना ने आप और कांग्रेस पर साधा निशाना



**मुंबई, 11 फरवरी [एजेंसी]।**


दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार से महाराष्ट्र के दो दलों शिवसेना (यूबीटी) एवं राकांपा (शरदचंद्र पवार) को भी करारा झटका लगा है। इस हार की प्रतिक्रिया शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में दिखाई दी।सामना ने लिखा है कि आप और कांग्रेस की लड़ाई से दिल्ली चुनाव में भाजपा को जीतने में मदद मिली। सामना के संपादकीय में सवाल उठाया गया है कि अगर विपक्षी दल भाजपा के बजाय एक-दूसरे के खिलाफ लड़ते रहेंगे तो फिर विपक्षी गठबंधन की क्या जरूरत है। लिखा गया है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के सदस्य एक-दूसरे से लड़ रहे थे। जिससे दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीतने में मदद मिली। इस चुनाव में भाजपा 70 में से 48 सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रही है। जबकि आप को केवल 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय राजधानी में एक भी सीट नहीं जीत पाई।कहा गया है कि दिल्ली में आप और कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे को नष्ट करने के लिए लड़ाई लड़ी, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए चीजें आसान हो गईं। यदि यह जारी रहा तो गठबंधन क्यों करें।

दिल्ली चुनाव परिणामों से सीख न लेने से मोदी और शाह के नेतृत्व में निरंकुश शासन और मजबूत होगा। उमर अब्दुल्ला की टिप्पणियों का हवाला देते हुए सामना ने दावा किया कि कांग्रेस ने दिल्ली में कम से कम 14 सीटों पर आप की हार में सक्रिय रूप से योगदान दिया, जिसे टाला जा सकता था। दावा किया गया है कि हरियाणा में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी।पूछा है कि क्या कांग्रेस के आंतरिक तत्व जानबूझकर राहुल गांधी के नेतृत्व को कमजोर कर रहे हैं। केजरीवाल के खिलाफ अन्ना हजारे की टिप्पणियों की भी आलोचना की गई है। पिछले महीने हजारे ने दिल्ली के मतदाताओं से स्वच्छ चरित्र और विचारों वाले लोगों को वोट देने का आग्रह किया था। आरोप लगाया गया है कि हजारे मोदी सरकार के भ्रष्टाचार पर चुप रहे, जिसमें राफेल सौदे से जुड़ा विवाद शामिल है।

## 39 साल बाद सबसे कम शादियां, 26 लाख जोड़े लेना चाहते हैं तलाक चीन के सामने आई सबसे बड़ी मुसीबत

**बीजिंग।** चीन में सरकार के युवा लोगों को विवाह और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किए जाने के बावजूद देश में 2024 में विवाह दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। शनिवार को जारी आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि देश में तलाक की संख्या बढ़ी है। नागरिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार पिछले वर्ष केवल 61 लाख दंपतियों ने अपना विवाह पंजीकृत कराया।2023 में हुए विवाह की तुलना में 20.5 प्रतिशत कमी दर्ज की गई। मंत्रालय द्वारा 1986 में विवाहों की संख्या का रिकॉर्ड शुरू किए जाने के बाद यह सबसे कम संख्या है। सीएनएन के अनुसार विवाह और जन्म में कमी से चीन में गंभीर चुनौती पैदा हो गई है। देश कामगारों की घटती और बुजुर्गों की बढ़ती संख्या का सामना कर रहा है जिससे उसकी अर्थव्यवस्था दबाव में है। 2013 में चीन में सर्वाधिक एक करोड़ 30 लाख विवाह हुए थे।

# महाकुंभ में तीन और आईएएस अधिकारियों की लगी ड्यूटी, 25 पीसीएस को भी भेजा जा रहा प्रयागराज, 17 फरवरी तक रहेंगे




**लखनऊ, 11 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए वर्ष 2021 बैच के तीन आईएएस व 25 पीसीएस अधिकारियों को लगाया है। ये सभी अधिकारी उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल की देखरेख में काम करेंगे। इन अधिकारियों को तुरंत प्रयागराज जाकर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारी 17 फरवरी तक महाकुंभ में रहेंगे।आईएएस अधिकारियों में वर्ष 2021 बैच के राल्लापल्ली जगत साई संयुक्त मजिस्ट्रेट बाराबंकी, शाश्वत त्रिपुरारी संयुक्त मजिस्ट्रेट अलीगढ़ व कंडारकर कमल किशोर देशभूषण संयुक्त मजिस्ट्रेट मेरठ को लगाया गया है। इसके अलावा पीसीएस अधिकारियों में सुभाष सिंह एडीएम (न्यायिक) बागपत, शिव नारायण एडीएम (न्यायिक) हाथरस, परमानंद झा एडीएम (न्यायिक) शामली, मदन मोहन वर्मा एडीएम (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) बांदा, आदित्य कुमार सचिव विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगर को लगाया गया है। इसी प्रकार, योगेंद्र कुमार एडीएम (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) झांसी, विवेक कुमार मिश्रा एडीएम (भूमि अध्याप्ति) गाजियाबाद, अभिषेक पाठक विशेष कार्याधिकारी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर, क्रांति शेखर सिंह विशेष कार्याधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर, सतीश कुमार कुशवाहा एडीएम (न्यायिक) संभल, राजेश चंद्र एसडीएम हमीरपुर, आशुतोष कुमार राय एसडीएम रायबरेली, रतन व संजीव कुमार शाक्य एसडीएम आगरा को प्रयागराज भेजा गया है। चंद्रेश कुमार एसडीएम गाजियाबाद, कुमार चंद्र बाबू व शैलेंद्र मिश्रा एसडीएम सीतापुर, अशोक कुमार एसडीएम मऊ, सुरेंद्र कुमार एसडीएम सहारनपुर, संजय सिंह, प्रवीण कुमार व जयेंद्र सिंह एसडीएम मुजफ्फरनगर, कार्तिकेय सिंह एसडीएम लखीमपुर खीरी, देवेंद्र प्रताप सिंह व पी श्रीवास्तव एसडीएम उन्नाव को भी महाकुंभ में लगाया गया है।

इसके अलावा, कानपुर नगर में तैनात पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार सिंह, लखनऊ में एसीओ के पद पर तैनात लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्यालय में तैनात पुलिस अधीक्षक राजधारी चौरसिया, देवरिया के अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी, बस्ती के अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, बहराइच के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व चंदौली के अपर पुलिस निरीक्षक विनय कुमार सिंह, वाराणसी में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, विनोद कुमार, फतेहगढ़ में तैनात उपाधीक्षक रविन्द्र नाथ राय, पुलिस तकनीकी सेवा में तैनात उपाधीक्षक राम प्रकाश,आर्थिक अपराध शाखा में तैनात सुनील कुमार को भी 15 फरवरी तक के लिए महाकुंभ में तैनात किया गया है।

# बार-बार नहीं मिलेगी माफी, सीएम ममता ने विधायकों को क्यों दी कड़ी चेतावनी



**कोलकाता।** बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 12 फरवरी को ममता सरकार अपने तीसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश करेगी। ऐसे में सोमवार से विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ दोपहर में बजट सत्र शुरू होने से ठीक पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में अपनी पार्टी के सभी विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में ममता ने अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को पुनर्गठित करने पर जोर देने के साथ विवादित बयान देने वाले पार्टी के चार विधायकों को सख्त चेतावनी देते हुए कड़ी फटकार लगाई।हाल में ही विवादित बयान देने वाले विधायकों में शामिल मदन मित्रा, उदयन गुहा, नारायण गोस्वामी और हुमायूं कबीर का नाम लेते हुए सीएम ने कहा कि अगर आप बार-बार गलती करते हैं, तो आप बच नहीं सकते। गलती करेंगे और बार-बार माफी मागेंगे, ऐसे नहीं चल सकता है। ममता ने यह भी कहा कि मेरा कोई परिवार नहीं है। पार्टी ही मेरा परिवार है। ममता ने अपने विधायकों से कहा- यदि आप एक बार गलती करते हैं, तो आपको माफ किया जा सकता है, लेकिन यदि आप बार-बार गलती करते हैं, तो आपको माफ नहीं किया जाएगा।खबर है कि ममता की चेतावनी पर मदन मित्रा सहित चारों विधायकों ने माफी भी मांगी। बता दें कि मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक हुमायूं कबीर को हाल ही में पार्टी के खिलाफ कई अनर्गल टिप्पणियां करते सुना गया था।इसके अलावा उत्तर 24 परगना के अशोकनगर के विधायक नारायण गोस्वामी, कमरहट्टी के विधायक मदन मित्रा और कूचबिहार के दिनहाटा के विधायक व मंत्री उदयन गुहा की टिप्पणियों को लेकर पार्टी की किरकिरी हुई थी।हालांकि ममता ने हाल में राशन घोटाले में जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री व विधायक ज्योतिप्रिय मल्लिक की प्रशंसा की। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान ममता ने कहा कि बालू उर्फ ज्योतिप्रिय को अनुचित तरीके से व जानबूझकर फंसाया गया था और हिरासत में लिया गया था। उसके खिलाफ कोई विशेष सबूत नहीं है। बालू के खिलाफ ईडी अब तक कुछ भी साबित नहीं कर पाई है।

गौरतलब है कि उत्तर 24 परगना के हाबरा से विधायक ज्योतिप्रिय मल्लिक को राशन भ्रष्टाचार मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने और एक साल से अधिक समय जेल में बिताने के बाद पिछले महीने जमानत पर रिहा किया गया है।अगले साल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता ने बैठक के दौरान संगठन को पुनर्गठित करने पर जोर दिया। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठन के लिए विधायक से कम से कम तीन लोगों के नामों की सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया।यह कार्यभार वरिष्ठ मंत्री अरुप विश्वास को सौंपा गया है। इस तालिका को 25 फरवरी तक तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इससे यह साफ है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर ममता अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ममता ने विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने का भी निर्देश दिया।

## अमेरिका में रह रहे भारतीयों को राहत, कोर्ट ने ट्रंप के नागरिकता आदेश पर लगाई रोक

**कांकर्ड।** अमेरिका में तीसरे संघीय जज ने भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जन्म से नागरिकता के अधिकार को खत्म करने के अधिशासी आदेश को खारिज कर दिया है। इस अधिकार के तहत अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों की वहां जन्म लेने वाली संतानों को स्वतः ही अमेरिकी नागरिकता प्राप्त होती है। न्यू हैम्पशायर में अमेरिकी जिला जज जोसेफ एन लैपलांटे ने सोमवार को यह फैसला दिया है। उनका यह फैसला पिछले हफ्ते सीएटल व मैरीलैंड के दो जजों के ऐसे ही फैसलों के बाद आया है।इससे पहले, मैरीलैंड के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकारी आदेश पर दूसरी बार राष्ट्रव्यापी रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसमें अमेरिका में अवैध रूप से किसी के यहां जन्मे किसी भी व्यक्ति की जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने की मांग की गई है। चार राज्यों द्वारा दायर एक अलग मुकदमे के कारण ट्रंप के शपथ ग्रहण सप्ताह के आदेश को पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। उनसे भी पहले, अमेरिकी जिला न्यायाधीश डेबोरा बोर्डमैन ने कहा कि देश की किसी भी अदालत ने 14वें संशोधन की ट्रंप प्रशासन की व्याख्या का समर्थन नहीं किया है।

ट्रंप के शपथ ग्रहण सप्ताह के आदेश को पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, क्योंकि वाशिंगटन राज्य में चार राज्यों द्वारा एक अलग मुकदमा दायर किया गया था।बता दें कि पूरी दुनिया में जन्मजात नागरिकता देने वाले 33 देश ही हैं, जिनमें अमेरिका शामिल है। विधेयक में सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज के अनुसार यह कहा गया कि कि 2023 में जिन बच्चों को जन्मजात नागरिकता मिली है, वह अमेरिका में जन्मे कुल बच्चों की संख्या का 7 प्रतिशत है।

# केमिकल फ्री हर्बल डिओड्रेंट घर पर कैसे बनाएं? यहां जानिए पैसे बचाने का अनोखा तरीका

मौसम करवट बदलने लगा है. दिन में तेज धूप और रात में ठंड हो रही है.दिन में बाहर निकलने पर अब थोड़ा पसीना आने लगा है. बाहर के तापमान से शरीर का तापमान बैलेंस करने के लिए शरीर पसीना बनाता है. पसीना आने के साथ इसकी बदबू की समस्या भी गर्मियों में ज्यादा देखने को मिलती है. ऐसे में बदबू से बचने के लिए लोग डिओड्रेंट का इस्तेमाल करते हैं. यूं तो बाजार में कई सारे डिओड्रेंट के ऑप्शन मौजूद हैं. लेकिन इन सभी में केमिकल होते हैं. अगर आप अपने पैसे बचाना चाहते हैं और केमिकल-फ्री प्रोडक्ट यूज करना चाहते हैं तो आप घर पर ही हर्बल डिओड्रेंट बना सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.



खीरा और पुदीना से तैयार करें डिओड्रेंट

यह डिओड्रेंट स्प्रे स्किन को रिफ्रेशिंग और कूलिंग इफेक्ट देता है. खीरे से स्किन को ठंडक मिलती है, वहीं पुदीना एक रिफ्रेशिंग अहसास करवाता है. विच हेजल से पसीने को कम करने में नेचुरली मदद मिलती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

आधा कप खीरे का रस

एक चौथाई कप विच हेजल

5-6 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल

5-6 बूंदें नींबू एसेंशियल ऑयल

खीरा और पुदीना का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सभी सामग्री को एक स्प्रे बोतल में मिला लें.

आपका डिओड्रेंट स्प्रे बनकर तैयार है.

इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह हिलाएं.

नीम और चंदन पाउडर से बनाएं डिओड्रेंट

आप नीम और चंदन पाउडर की मदद से डिओड्रेंट बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं. जहां नीम बैक्टीरिया से लड़ने के साथ-साथ बदबू को रोकता है. वहीं, चंदन की खुशबू से आप पूरा दिन महकते हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 चम्मच नीम पाउडर

2 चम्मच चंदन पाउडर

1 चम्मच बेंटोनाइट क्ले

4-5 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

नीम और चंदन पाउडर का डिओड्रेंट कैसे बनाएं?

सबसे पहले एक बाउल में सभी पाउडर को मिला लें.

अब इसमें एसेंशियल ऑयल डालकर मिक्स करें.

अब आप इसे एक कंटेनर में स्टोर करें.

डिओड्रेंट को पाउडर पफ या उंगलियों की मदद से लगाया जा सकता है.

लैवेंडर और नारियल दूध से बनाएं डिओड्रेंट

नारियल के दूध और लैवेंडर की मदद से डिओड्रेंट बनाना भी एक अच्छा आइडिया है. जहां नारियल का दूध स्किन को नमी देता है, वहीं लैवेंडर की खुशबू काफी अच्छी लगती है.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

2 बड़े चम्मच नारियल का दूध

2 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा

1 बड़ा चम्मच अरारोट पाउडर

5-6 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल

डिओड्रेंट बनाने का तरीका

सबसे पहले नारियल का दूध, बेकिंग सोडा और अरारोट पाउडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें, जिससे चिकना पेस्ट बन जाए.अब इसमें लैवेंडर ऑयल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें.

तैयार डिओड्रेंट को स्टोर करें और थोड़ी मात्रा में इस्तेमाल करें.

## सिजेरियन डिलीवरी के साइड इफेक्ट क्या हैं? स्टडी में खुलासा सी-सेक्शन मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक

आजकल किसी से भी पूछो अधिकांश गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नॉर्मल की बजाय सी-सेक्शन से कराई जा रही है. एक स्टडी के अनुसार भारत में 29 फीसदी से ज्यादा डिलीवरी सिजेरियन हो रहीं हैं, जिनका सामान्य प्रसव किया जा सकता था. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में इसकी संख्या को घटाने की सिफारिश की है. पीयर-रिव्यू जर्नल BMC प्रेग्नेंसी एंड चाइल्डबर्थ में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार सिजेरियन के कई साइड इफेक्ट हैं.

सिजेरियन यानी सी-सेक्शन डिलीवरी मां और बच्चे दोनों के लिए ही खतरनाक है. वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है. जिसमें बताया गया है कि पिछले 5 से 8 साल में देश में सिजेरियन की मदद से बच्चों के जन्म होने के मामले काफी ज्यादा बढ़े हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

**भारत में कितनी बढ़ी सिजेरियन डिलीवरी**

स्टडी के अनुसार भारत में 2016 से 2021 तक सिजेरियन सेक्शन से डिलीवरी में इजाफा हुआ है. इसकी संख्या पहले 17.2 परसेंट थी, जोकि बढ़कर 21.5 प्रतिशत तक पहुंच गई है. स्टडी में पाया गया कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा वजन और अधिक उम्र (35-49 साल) की महिलाओं में सिजेरियन डिलीवरी होने की संख्या दोगुनी थी.

सिजेरियन के साइड इफेक्ट

संक्रमण का खतरा

सिजेरियन डिलीवरी के दौरान महिलाओं के पेट में गहरा कट लगता है. इसकी रिकवरी के लिए डॉक्टर कई दवाइयां देते हैं. लेकिन अगर आपने घाव को लेकर जरा भी लापरवाही बरती तो घाव में संक्रमण का खतरा रहता है. संक्रमण होने पर घाव में सूजन, रेडनेस और इचिंग जैसे लक्षण नजर आते हैं.

**ब्लैडर में नुकसान**

सिजेरियन डिलीवरी के बाद ब्लैडर में नुकसान होने का खतरा रहता है. किडनी में भी नुकसान हो सकता है. इससे रिकवरी के लिए महिला को एक और सर्जरी से गुजरना पड़ सकता है. हालांकि, इसके मामले कम ही देखने को मिलते हैं.



**गर्भाशय की लाइनिंग में संक्रमण**

सिजेरियन डिलीवरी के बाद गर्भाशय की लाइनिंग में इंफेक्शन का डर रहता है. इसके लक्षणों की बात करें तो बुखार, पेट में दर्द और असामान्य वजाइनल डिस्चार्ज हो सकता है. यही नहीं, सिजेरियन डिलीवरी के बाद कुछ महिलाओं को अगर वूम्बर लाइनिंग इंफेक्शन हो जाए, तो हैवी ब्लीडिंग की समस्या भी हो सकती है.

**गर्भाशय में सूजन**

यूं तो डिलवरी के बाद महिलाओं के गर्भाशय में सूजन रहती है, जो करीब 6 सप्ताह बाद सामान्य अवस्था में लौट आती है. लेकिन सही नहीं होने पर कंडीशन के बिगड़ने का रिस्क रहता है.

# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुईं तैयार

हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी।

अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं।

वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में 'तेरे प्यार में' गाना गाया था। यह गाना बैडएस रवि कुमार में भी है! बस अंतर इतना है कि इस बार वह इसमें किसी दूसरी हीरोइन के साथ हैं लेकिन गाने का जादू वही है।



अभिनेत्री ने आगे कहा कि बैडएस रवि कुमार फिल्म में वह सब कुछ है, जो आप हिमेश रेशमिया की फिल्म से उम्मीद करते हैं। फिल्म में हाई-एनर्जी, सुपर एंटरटेनिंग, ज्ञान से भरपूर उनका विजन है। फिल्म के माध्यम से उन्होंने दर्शकों को एक ऐसी कहानी दी है, जिसे दर्शक कभी नहीं भूल सकते।

शिवांगी ने आगे बताया, शूट के लिए मुंबई से मस्कट तक का मेरा सफर बेहद सहज और आसान रहा। पहले दिन से ही सब कुछ जाना-पहचाना और सहज लगा। मेरा पहला दिन कॉस्ट्यूम ट्रायल था। टीम में पुराने लोगों को देखकर मुझे खुशी हुई। टीम के सदस्य हिमेश रेशमिया मेरे पहले एल्बम में भी थे। जाने-पहचाने चेहरों को देखकर मुझे घर जैसा महसूस हुआ और मैं उसी समय समझ गई थी कि इस प्रोजेक्ट के साथ मुझे खास अनुभव होने वाला है।

अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में वर्मा ने बताया, मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मेरे साथ फिल्म में अभिनेता गोविंद नामदेव सर हैं और मैं अपना तीसरा शेड्यूल पूरा करने वाली हूं। उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा होगा।

## हार्ट को हेल्दी रखने के लिए बदलें अपनी लाइफस्टाइल, इन 7 आदतों को आज ही छोड़ दें

अगर हमारी खराब जीवनशैली रहेगी, तो बीमारियां भी काफी बढ़ेंगी। ऐसे में हमे कुछ चीजों के बिल्कुल ही त्याग देना है। अगर आप शराब छोड़ दें और पर्याप्त नींद लेना चाहते हैं, तो आप हार्ट को हेल्दी रहेगा।

खराब लाइफस्टाइल और गलतपान के कारण दुनियाभर में बीमारियां बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में विश्वभर में हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। अत्यधिक शराब पीना, बहुत अधिक धूम्रपान करना और नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करना जैसी खराब लाइफस्टाइल हृदय रोग के प्रमुख कारण बन गए हैं। आइए आज आपको इसे लेख में 7 ऐसे सरल लाइफस्टाइल बदलावों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आप स्वस्थ हृदय के लिए अपने दैनिक जीवन में लागू कर सकते हैं।

अगर आप अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो रोजाना नियमित रुप से एक्सरसाइज या 30 मिनट तक व्यायाम करने से तेज चल सकते हैं। आप चाहें तो साइकिल चला सकते हैं या तैराकी कर सकते हैं। यह आपके हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करते हुए रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है और परिसंचरण में सुधार करता है।

स्वस्थ शरीर के लिए पोषण होना भी काफी जरुरी है। अपने हार्ट को हेल्दी रखने के लिए आप पौष्टिक आहार लेना काफी जरुरी है। अपनी डाइट में फल, सब्जियां, प्रोटीन और स्वस्थ फैट्स जरुर शामिल करें क्योंकि ये हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए आवश्यक हैं। वहीं, फास्ट फूड के सेवन से पुरानी सूजन और धमनी क्षति हो सकती है।अपने दिल को स्वस्थ रखने के लिए शराब को सीमित रुप से सेवन कर सकते हैं। अत्यधिक शराब का सेवन करना रक्तचाप बढ़ाता है जबकि हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। यह अनियमित हृदय ताल में भी योगदान देता है। धूम्रपान जैसी अन्य आदतें सूजन का कारण बन सकती हैं जिससे आपको दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। यह रक्त में ऑक्सीजन के स्तर को भी कम कर देता है।

## दिव्या खोसला ने ग्लैमरस अवतार में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

अपनी खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं।

एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने अपनी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसमें वह सिल्वर कलर की बॉडी-हगिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में दिव्या का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा, शिम्मर एंड शाइन फॉर आयकॉनिक गोल्ड अवार्ड्स. बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवार्ड के लिए धन्यवाद.

दिव्या ने अपनी ड्रेस को काइकोडएचसी से स्टाइल किया है और उनके लुक को सुकृतिग्रोवर ने तैयार किया है. उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी पूरी तरह से उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहा है.

ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दिव्या खोसला कुमार खूबसूरती और बोल्डनेस का कॉकटेल हैं।

बता दें कि फिल्मों की तरह असल जिंदगी में दिव्या खोसला कुमार काफी खूबसूरत दिखती हैं।

इसके साथ ही एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट करती हैं।

फैंस ने कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ की है. कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है तो कोई उन्हें 'स्टनिंग' कह रहा है. दिव्या की यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स बटोर चुकी है.



## शब्द सामर्थ्य -323


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# जिले के आखिरी गांव के अंतिम घर तक पहुंची कलेक्टर



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रशासनिक सक्रियता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के सबसे दूरस्थ गांव और मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के समीप ग्राम दसेर का शुक्रवार को दौरा किया और वहां के अंतिम घर तक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सीमावर्ती गांव तक पगडंडी पार कर पहुंची कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनवाड़ी और उचित मूल्य दुकान की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और सुधार के लिए तुरंत निर्देश जारी किए।

**स्वास्थ्य केंद्र में जांच, सुविधाओं में होगा सुधार,**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की बात कही और बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एएनएम सुनीता सिंह को स्वास्थ्य सेवाओं में कोई लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**बच्चों के लिए पोषण और शिक्षा पर विशेष जोर,**

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट बांटी तथा सहायिका को साबुन भी दिए साथ ही बच्चों में हाथ धोने की आदत विकसित करने को कहा। कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक आहार की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के समीप कुंआ को ढंकने के निर्देश दिए ताकि किसी भी तरह की दुर्घटनाएं न हो।

**बच्चों ने गुड आफ्टरनून कहकर कलेक्टर का किया स्वागत,**

स्कूल पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बच्चों से संवाद किया, जहां बच्चों ने गर्मजोशी से 'गुड आफ्टरनून' कहकर उनका स्वागत किया। उन्होंने महासमुंद और जांजगीर- चांपा से आई शिक्षिकाओं के समर्पण की सराहना की और सम्बंधित अधिकारी को स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन बनने वाले रसोई कक्ष का निरीक्षण किया, उन्होंने रसोइयों को ज्यादा मात्रा में सब्जी और गाढ़ा दाल बच्चों को परोसने के निर्देश भी दिए।

**बुनियादी सुविधाओं के लिए तत्पर प्रशासन,**

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से राशन वितरण की स्थिति जानी। साथ ही, दसेर से नीलकंठ और गोयनी मार्ग को सीसी रोड में तब्दील करने, सामुदायिक शौचालय बनाने और पुलिया निर्माण के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, वहीं ग्राम दसेर में सोलर पंप को चालू करने के हिदायत दिए हैं ताकि ग्रामीणों को साफ पेयजल मिल सके।

**ग्रामीणों के हाथों बने चूल्हे की रोटी और टमाटर की चटनी खाई,**

दसेर गांव के अंतिम घर में पहुंचकर उन्होंने एक ग्रामीण महिला से योजनाओं की जानकारी ली और गांव के विकास को लेकर बातचीत की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी को इस दौरान उन्हें चूल्हे की रोटी और टमाटर की चटनी का स्वाद लेने का मौका मिला, जिसे उन्होंने बेहद स्वादिष्ट बताते हुए कहा, 'रोज तवा रोटी खाती हूं, आज चूल्हे की रोटी खाने का अवसर मिला, जो अविस्मरणीय है।'

ग्रामीणों में उत्साह, प्रशासन से उम्मीदें बढ़ीं,

कलेक्टर ने धनपुर में निर्मित पुलिया व सीसी रोड को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस दौरे से ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। उनके जमीनी निरीक्षण और तुरंत कार्रवाई के निर्देशों से यह साफ हो गया कि प्रशासन अब केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## दो भाईयों पर चाकू से जानलेवा हमला, एक की मौत

**रायपुर।** आपसी विवाद के बाद रायपुर में दो भाइयों पर चाकू से आरोपियों ने जानलेवा हमला किया है। जिसमें एक भाई की मौत हो गई है। वहीं दूसरा भाई गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची खमतराई पुलिस ने युवकों को अस्पताल भिजवाया । यह पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि वारदात रविवार रात 8-9 बजे के बीच हुई है। इलाके के बदमाश बैठकर आपस में शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान उनके बीच वाद विवाद हो गया। इसके बाद वहां पर खड़े दो भाइयों से भी वह उलझ गए। बदमाशों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से एक भाई रवि की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे भाई मुकेश के पीठ में चाकू लगा है। चाकू लगने से वह भी बुरी तरह घायल हो गया। उसे लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद खमतराई पुलिस ने पूरे विवाद को शांत करवाया। इस घटना के बाद पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## शेयर में निवेश के बहाने बुजुर्ग से ठगे 31 लाख रुपए

**रायपुर।** अशोक रतन निवासी एक बुजुर्ग इंद्र मोहन सिंघल के साथ साइबर ठगों ने शेयर में निवेश करने के नाम पर साढ़े 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी की. ठगों ने उनसे इंस्टाग्राम आईडी पर मैसेज भेज कर संपर्क किया. शेयर कारोबार की ट्रेनिंग देने के नाम पर उन्हें एक वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया. इसमें ढाई सौ से ज्यादा लोग सदस्य थे और ग्रुप एडमिन भी थे. ग्रुप में शेयर को लेकर जानकारी दी जाती थी. उन्हें बताया गया कि इस ग्रुप के जरिए निवेश करने पर काफी फायदा होगा. बुजुर्ग ठगों के झांसे में आ गए और धीरे-धीरे करके साढ़े 31 लाख रुपए ठगों के बताए एकाउंट में भेजकर फर्जी कंपनियों में निवेश किया. हालांकि उन्हें निवेश की रकम वॉट्सएप ग्रुप में ठगों द्वारा दी गई आईडी में दिखती रही. लेकिन जब उन्होंने रकम को वापस लेने का प्रयास किया तब धोखाधड़ी का पता चला. इसी तरह की एक शिकायत खम्हारडीह थाने में कचना निवासी महावीर तावणिया ने भी की है. साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर उनसे 6 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए. मोवा पंडरी और खम्हारडीह पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## सिंगारपुर में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**बालोद।** बालोद ग्राम सिंगारपुर सोसाइटी मैदान के पास पुरानी रंजिश को लेकर 8 लोगों ने 3 दोस्तों की पिटाई कर दी। इस दौरान एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घटना के बाद युवक को देवरी से राजनांदगांव अस्पताल रेफर किया गया। खोमलाल राणा ने जानकारी दी है कि 5 फरवरी को बुआ के बेटे समीर कोलियारा, टीकम के साथ मंडई गए थे। भुवन निषाद, मुकेश निषाद, टेमन निषाद, लिक्कू निषाद, करण विश्वकर्मा, दुर्गेश निषाद, ईवन निषाद और रेमन निषाद शाम 7 बजे समीर, टीकम के किसी बात को लेकर विवाद कर गाली गलौज कर रहे थे।

## परीक्षा से पहले तनावमुक्त रहने के लिए पीएम मोदी के खास टिप्स



**कोरिया बैकुंठपुर।** परीक्षा के दौरान छात्रों में बढ़ते तनाव को कम करने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा 2025 का आयोजन किया गया।

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के 274 माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के 22,377 छात्र-छात्राओं, 1,366 शिक्षकों, 17,316 अभिभावकों और 292 अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा से पहले तनाव को कम करने, पढ़ाई को मजेदार बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए, जिन्हें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी उत्सुकता से सुना।

**प्रधानमंत्री मोदी के खास टिप्स,**

परीक्षा की तैयारी को बेहतर और तनावमुक्त बनाने के लिए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। हर किसी के पास 24 घंटे होते हैं, लेकिन उनका सही उपयोग करना सफलता की कुंजी है। क्रिकेट और अन्य खेलों से टीम वर्क, धैर्य और लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा लें। डिजिटल साधनों को पढ़ाई में सहायक बनाएं, लेकिन सतर्क रहें। दिमाग को तरोताजा रखने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें। परीक्षा को एक अवसर के रूप में देखें, भय को खुद पर हावी न होने दें।यदि किसी विषय में अपेक्षित परिणाम न मिले तो हार न मानें, बल्कि उसे सुधारने की कोशिश करें। सूर्य स्नान, गहरी सांस लेने की तकनीक और संतुलित आहार से ऊर्जा बनाए रखें। सही और सटीक उत्तर देने की आदत विकसित करें।परीक्षा के दौरान माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों का सहयोगी बनना चाहिए, न कि उन पर दबाव डालना चाहिए।

**बैकुंठपुर में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम,**

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक प्रकाश तिवारी, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

**छात्रों और शिक्षकों ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया,**

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने कहा कि पीएम मोदी के सुझावों से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब परीक्षा को तनाव के बजाय एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखेंगे। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे न केवल छात्रों को बल्कि माता-पिता और शिक्षकों को भी परीक्षा के दौरान सकारात्मक माहौल बनाए रखने की प्रेरणा मिली। परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम के माध्यम से कोरिया जिले के हजारों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख मिली। इस आयोजन ने परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक आनंददायक अनुभव बनाने का संदेश दिया।

## गोल्ड कप टूर्नामेंट में बेंगलुरु और नागपुर ने जीता मैच

### क्वाटर फाइनल में जगह बनाई



**चरचा।** महाजन स्टेडियम में आयोजित 49वें अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवें दिन सोमवार को दो रोमांचक मैच खेला गया। पहला मैच एम ई जी बैंगलोर (कर्नाटक) और सेरसा खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) के मध्य खेला गया। दोनों ही टीम मैदान पर उतरी।मैच के प्रारंभ से बैंगलोर टीम के खिलाड़ी खड़गपुर टीम पर प्रारंभ से ही हावी थे मैच प्रारंभ होने के 10 मिनट में बैंगलोर (कर्नाटक) टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 फुलचंद माड़ी ने बहुत ही आसानी से गोल किया, जिसमे खड़गपुर टीम के गोलकीपर को समझ में नहीं आया कि गोल केसे हुआ। मध्यांतर तक बैंगलोर टीम 1-0 की बढ़त लिए हुई मध्यांतर के 13 मिनट बाद बैंगलोर टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 4 आयुष ने जबरदस्त गोल कर 2-0 से बढ़त बनाया। खड़गपुर टीम को एक सुनहरा अवसर मिला गोल करने का पर गोल नहीं कर सका।मैच समाप्त होने के कुछ ही मिनट पहले बैंगलोर के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 फुलचंद माड़ी ने दुसरा गोल कर अपने टीम को 3-0 कि निर्णायक बढ़त के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बैंगलोर टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 फुलचंद माड़ी को नगर पालिका शिवपुर चर्चा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह के हाथों दिया गया। मैच के मुख्य निर्णायक पप्पू कुमार, नागेश्वर राव, रुपेश कुमार, चंदन बेहरा थे।मैच कमिश्नर अनिल कचेर रहे।

इसके पश्चात कुछ समय का अंतराल में दुसरा मैच बैंक ऑफ बरोदा मुंबई (महाराष्ट्र) और साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे हैडक्वाटर नागपुर (महाराष्ट्र) के मध्य खेला गया।इस मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पार्षद प्रदीप तिवारी,कुण्डल सायं, संजय देवांगन ने दोनों टीमों के खिलाड़ीयों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रीय गान के साथ मैच प्रारंभ कराया। मैच प्रारंभ होने के तीसरी मिनट में ही मुंबई टीम ने शानदार गोल करने का प्रयास किया परंतु गोलपोस्ट में लगने कि वजह से गोल होने से चुका।मैच प्रारंभ के 18 मिनट में नागपुर टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 8 अमन वर्मा ने शानदार गोलकर 1-0 से बढ़त बनाया। मध्यांतर के 3 मिनट पहले नागपुर टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 मिशाल पी के ने जबरदस्त गोल कर 2-0 कि बढ़त दिलाई। मध्यांतर के पश्चात मुंबई टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 12 को एक सुनहरा मौका मिला किंतु वैसे गोल में तब्दील नहीं कर सके और गेंद बहार चले गई मध्यांतर के बाद नागपुर सेन्ट्रल रेलवे टीम दबाव बनाकर खेल रहा था किंतु गोलकीपर के सतर्कता से गोल नहीं हो सका। इसी के साथ साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे नागपुर (महाराष्ट्र) ने 2-0 से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सेन्ट्रल रेलवे नागपुर के गोलकीपर जर्सी नंबर 21 कप्तान ओवेस्ट खान को नगर पालिका शिवपुर चर्चा के उपाध्यक्षन राजेश सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली ने हाथों दिया गया।दुसरे मैच मुख्य निर्णायक विजय आनंद,आकाश टंडन, भगवान राम, दीपेश डे थे।

**क्वार्टर फाइनल में होगी जंग**

मंगलवार को प्रतियोगिता का चौथा और अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच बैंगलोर और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे नागपुर महाराष्ट्र के मध्य दोपहर 3 बजे मुकाबला खेला जाएगा।

## चिटफण्ड कंपनी का एक और डायरेक्टर गिरफ्तार

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के माध्यम से जन सामान्य निवेशकों से चिडफंड से संबंधित प्राप्त आवेदनो पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्राप्त होने पर अभिपवा प्रोडियूसर कंपनी लिमि. ब्रांच आफिस 5-1-29 आर सी व्यास कालोनी भिलवाडा 311001 (राजस्थान) पीएच नं. 01412297521 कंपनी में आवेदकों के द्वारा जमा राशि कंपनी द्वारा वापस नहीं करने के संबध में प्राप्त आवेदनों की जांच अनुविभागीय दंण्डाधिकारी सूरजपुर से कराने पर अनुविभागीय दण्डाधिकरी सूरजपुर के पत्र दिनांक 02.04.2023 से प्राप्त जांच प्रतिवेदन आवेदक के कथनानुसार आवेदकगण के द्वारा निवेश राशि का एक वर्ष बाद तीन गुना राशि वापस किये जाने का प्रलोभन दिये जाने के झांसे में आकर अभिपवा प्रोडियूसर कंपनी लिमि. भिलवाडा (राजस्थान) कंपनी में राशि निवेश किया गया है किंतु उक्त कंपनी के द्वारा आवेदकों को निवेश की गई राशि को वापस नहीं किया गया है। इस प्रकार कंपनी के द्वारा छ.ग. के छत्तीसगढ़ के निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7(1) के अनुसार कपटपूर्ण तरिके से व्यक्तिकम किया जाना पाया गया। इसी प्रकार उक्त कंपनी/वित्तीय स्थापना द्वारा छ.ग. के निक्षेपकों के हितो के संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 1 में उल्लेखित किया गया है अधिनियम की धारा 6, 1 के अनुसार उक्त कंपनी/वित्तीय स्थापना को अपने कारोबार के बारे में सक्षम प्रधिकारी को सूचना दिया जाना था किन्तु कंपनी को सूरजपुर जिले में सक्षम प्राधिकारी जिला मजिस्ट्रेट को कोई भी सूचना नहीं दी गई और व्यवसाय किया जाता रहा। जिसकी पुष्टि आवेदकों के साथ संलग्न कंपनी के दस्तावेज से हुई है और कंपनी द्वारा धारा 6, (1), 6(2) का भी उलंघन किया है। जांच पर अभिपवा कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर दिनेद्र कुमार दधीच, अनंत दधीच, कपिल जैन, महेश कुमार सेन, विनोदचन्द्र सोमचन्द शाह व अन्य निवासी व्यास कालोनी भिलवाडा राजस्थान के द्वारा जिले के 29 निवेशकों को 2-3 गुना अधिक राशि देने का प्रलोभन देकर 17 लाख 28 हजार 366 रूपये की ठगी कर धारा 420, 34 भा.द.सं, इनामी चिटफंड और धन परिचालन चिट स्कीम अधिनियम 19 बरा 4,5,6 एवं छत्तीसगढ़ के निक्षेपको के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के अन्तर्गत अपराध घटित करना पाये जाने से थाना विश्रामपुर में अपराध क्रमांक 149/2023 धारा 420, 34 भा.द.सं, इनामी चिटफंड और धन परिचालन चिट स्कीम अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 एवं छत्तीसगढ के निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस मामले में 4 आरोपी डायरेक्टर दिनेद्र कुमार दधीच, अनंत दधीच, कपिल जैन, महेश कुमार सेन को पूर्व में गिरफ्तार कर महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूव्ही 700 क्रमांक आरजे 06 यूसी 6669 कीमत करीब 21 लाख रूपये का जप्त किया था।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**कोरिया बैकुंठपुर।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता आयोजित की गई। बैठक में जिले में पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के तहत पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पंजीकृत केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सोनोग्राफी की संख्या में कमी तथा एफ-फॉर्म की ऑनलाइन एंट्री में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, पंजीयन और नवीनीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर भी चर्चा हुई। समिति ने निर्णय लिया कि यदि कोई संस्था सभी मानकों को पूरा करती है, तो उसे पंजीयन प्रदान किया जाए। इसके अलावा, अधिनियम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

**लेप्रोसी सर्वे अभियान की समीक्षा,**

बैठक के दौरान जिले में चल रहे लेप्रोसी सर्वे अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गठित टीम घर-घर जाकर सर्वे करे और सर्वेक्षित घरों में स्टीकर चस्पा किए जाएं। साथ ही, लेप्रोसी से ठीक हुए मरीजों को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मानित करने की योजना पर भी विचार किया गया। इस बैठक पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, जिला नोडल अधिकारी डॉ. भास्कर दत्त मिश्रा, लिगल एक्सपर्ट ध्रुव कश्यप एवं शाखा प्रभारी श्रीमती संगीता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजेश पैकरा ने पूजा अर्चना कर प्रचार प्रसार की शुरुआत की

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजेश पैकरा ने अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध जालिया डाड हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रचार प्रसार की शुरुआत की। राजेश पर तीन पंचवर्षीय से ग्राम पंचायत जूना पारा के सरपंच के रूप में अपनी सेवाएं देने के बाद जिला पंचायत कोरिया के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए फॉर्म भरकर शुरू की। अपने सरपंची के कार्यकाल में निर्विवाद रूप से कार्य कर चुके हैं। और जिला पंचायत कोरिया क्षेत्र क्रमांक 02 में लोकप्रिय प्रत्याशी साबित हो सकते हैं उनकी रैली में कोरिया जिले के जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, बृजवासी तिवारी, राजा चंद्रा, गणेश राजवाड़े, साहब अख्तर सिद्दीकी, रफीक खान तथा इस क्षेत्र के चुनाव प्रभारी अशोक जायसवाल, सत्य प्रकाश तिवारी और इस क्षेत्र की हजारों की संख्या में मतदाता एवं ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर यह जाता दिया कि निश्चित तौर पर क्षेत्र क्रमांक 02 जिला पंचायत कोरिया के लोकप्रिय प्रत्याशी के रूप में साबित हो सकते हैं।



## 3 बांग्लादेशी मुंबई-एयरपोर्ट से अरेस्ट, 3 दिन की पुलिस रिमांड पर तीनों भाई, इराक भाग रहे थे, कई फेक डॉक्यूमेंट जब्त

**रायपुर।** रायपुर पुलिस और ATS ने 3 बांग्लादेशी भाइयों को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। तीनों भाई रायपुर में अवैध रूप से रह रहे थे। इनके पास से फर्जी पासपोर्ट और दस्तावेज मिले हैं। यहां से तीनों इराक के बगदाद भाग रहे थे, लेकिन पकड़े गए। रायपुर से ही सभी फर्जी दस्तावेज बनवाए थे।

मिली जानकारी मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इस्माइल (27), शेख अकबर (23) और शेख साजन (22) शामिल हैं। ये तीनों बांग्लादेशी रायपुर के टिकरापारा के मिश्रा बाड़ा ताजनगर में रहते थे। रायपुर पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया। अब तीनों आरोपी 3 दिन की पुलिस रिमांड पर रहेंगे।

**अब जानिए तीनों आरोपी रायपुर से कैसे पहुंचे एयरपोर्ट**

दरअसल, तीनों आरोपी फर्जी दस्तावेज बनवाकर 26 जनवरी 2025 को बगदाद (इराक) जाने के लिए हावड़ा मुंबई मेल ट्रेन से मुंबई पहुंचे। पुलिस और ATS को इनके बारे में सूचना मिली। इसके बाद एटीएस और रायपुर पुलिस मुंबई पहुंची। जहां मुंबई ATS की मदद से तीनों को 8 फरवरी को पायधुनी इलाके से पकड़ा।

इनके पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड के साथ ही बगदाद का वीजा बरामद किया गया है। संदिग्धों ने पूछताछ के दौरान बताया कि, वे तीनों जियारत के बहाने बगदाद में छिपकर रुकने वाले थे। वापस भारत नहीं आने वाले थे।

**रायपुर में फर्जी पेन कार्ड, वोटर ID कार्ड बनवाए**

रायपुर में रहने के दौरान तीनों भाइयों ने भारतीय दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड और वोटर आईडी बनवाया। यूसीसी लागू होने से पकड़े जाने का डर था। इसलिए जन्मतिथि के लिए फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए। इसके बाद तीनों ने फर्जी मार्कशीट बनवाए। फर्जी मार्कशीट बनाने में एक चॉइस सेंटर संचालक ने मदद की है। उस पर आरोप है कि इससे पहले भी कई लोगों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाने, लोगों को इराक भेजने में मदद की है, जो वापस लौटकर भारत नहीं आए हैं। चॉइस सेंटर संचालक को लेकर जांच जारी है।रायपुर पुलिस और एटीएस ने तीन बांग्लादेशी भाइयों से फर्जी दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त किए हैं।रायपुर पुलिस और एटीएस ने तीन बांग्लादेशी भाइयों से फर्जी दस्तावेज और पासपोर्ट जब्त किए हैं।


उषा तिवारी


संजू देवी राजपूत


पीडब्ल्यूडी रामपुर विद्यालय के पोलिंग बूथ में वोट करने कतार में लगे मतदाता।


केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम मनोज बंजारे।

# निकायों के उत्तराधिकारी तय करने उत्साहित नजर आए शहरी वोटर, पोलिंग बूथ में सुबह से भीड़

## निगम क्षेत्र में 2 लाख 67 हजार 103 वोटर, संपूर्ण निकायों में 3 लाख 53 हजार से ज्यादा हैं निर्णायक वर्ग

**कोरबा।** अब से लेकर वर्ष 2029 तक नगरीय निकायों के सिंहासन का उत्तराधिकारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी देने को लेकर शहरी क्षेत्र के वोटर आज उत्साहित नजर आए। उन्होंने अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। कोरबा सहित जिले के 6 निकायों में सुबह से मतदान करने को लेकर मतदाताओं की भीड़ नजर आई। कुछ स्थानों पर दोपहर तक छिटपुट घटनाएं भी हुई हैं। हालांकि समय रहते पुलिस बल ने मौके पर पहुंच नियंत्रण किया और संबंधितों को सबक सिखाया।

नगर निगम कोरबा क्षेत्र में महापौर पद के कुल 11 प्रत्याशी हैं। यहां पर मुख्य मुकाबला भाजपा की संजू देवी राजपूत और कांग्रेस की उषा तिवारी के बीच है। जबकि 9 अन्य प्रत्याशी टक्कर में हैं। निगम क्षेत्र में 2 लाख 67 हजार 103 पंजीकृत मतदाता हैं। 67 वार्ड में मतदान संपन्न कराने के लिए 297 मतदान केंद्र की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है। वहीं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के 30 वार्ड में 47 मतदान केंद्र बनाए गए। 36



हजार मतदाताओं को यहां पर मतदान करना है। नगर पालिका दीपका के 21 वार्ड में 22 हजार से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं। नगर पालिका कटघोरा, नगर पंचायत छुरीकला और पाली में 15 से अधिक मतदान केंद्र की व्यवस्था की गई है। जिले के संपूर्ण निकायों में 3 लाख 53 हजार से ज्यादा मतदाताओं को जिम्मेदारी मिली है कि वे अपने महापौर, अध्यक्ष और पार्षद को चुनें। निर्वाचन की प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 2 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रिजर्व पोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। कहीं भी आपातकालीन विकल्प में इनका उपयोग किया जाना है। सामान्य पोलिंग बूथ में दो पुलिस जवान और संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल का प्रबंध स्थानीय निर्वाचन विभाग की ओर से किया गया है।

### ईवीएम में कैद हुआ निर्णय

तमाम तरह की आशंका और विवादों के बावजूद सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से कराना तय किया। उक्तानुसार सभी निकायों में ईवीएम और कंट्रोल यूनिट के साथ पोलिंग पार्टी एक दिन पहले ही पहुंच गई थी। आज सुबह 7 बजे उन्होंने प्रत्याशियों के एजेंटों की उपस्थिति में ईवीएम को सील करने के बाद मॉकपोल किया और नियत समय पर वोटिंग प्रारंभ कराई। श्रेणीवार इनमें प्रत्याशियों के नाम और चुनाव चिन्ह वर्णित किए गए हैं। सभी निकाय में उम्मीदवार को दो बार वोट करने का विकल्प मतदाताओं को दिया गया। पोलिंग बूथ में कुल तीन बार ईवीएम की बीप की ध्वनि गूंजती रही। लंबी आवाज से इस बात की पुष्टि हुई कि संबंधित मतदाता ने अपना वोट कर दिया है।

### कसनिया में बिगड़ी ईवीएम

मतदान के बीच कहीं कहीं ईवीएम के खराब होने की शिकायतें भी सामने आ रही है। नगर पालिका कटघोरा के वार्ड 15 के मतदान क्रमांक 21 प्राथमिक शाला कसनिया स्कूल के रुम नंबर 1 की मशीन में तकनीकी खराब आई जिससे आधा घंटे तक मतदान बाधित रहा। मशीन को बनाने के लिए इंजीनियर को मौके पर बुलाया गया,जिसके द्वारा मशीन को ठीक कर मतदान को फिर से शुरु करवाया गया। मशीन के खराब होने के कारण केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी कतार लग गई। इस प्रकार की सूचनाएं कई और पोलिंग बूथ से प्राप्त हुई है।

### वोटर लिस्ट के चक्कर में हुआ विवाद

नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 20 और 19 में कुछ ऐसे मतदाता है जिनका दोनों जगह नाम है। पुरानी सूची के हिसाब से वोट डलवाए जा रहे थे जो विवाद का कारण बन गया। वार्ड क्रमांक 20 के भाजपा प्रत्याशी चंद्र लोक सिंह और नोडल अधिकारी के मध्य इसी बात को लेकर बहस हो गई। चंद्रलोक ने निर्वाचन के तौर-तरीके और नफा-नुकसान को लेकर अधिकारी को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उच्चाधिकारियों तक मामला पहुंचा जिसके बाद समाधान खोजने की कोशिश की गई।

### एनसीसी कैडेट ने की सहायता

असहायत मतदाताओं को सहायता देने के लिए इस चुनाव में भी एनसीसी कैडेट को विभिन्न मतदान केंद्रों में जिम्मेदारी दी गई। इनमें ज्यादातर लेडी कैडेट शामिल थीं। उन्हें निर्देशित किया गया था कि 70 वर्ष से अधिक के ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र परिसर में आ तो रहे हैं लेकिन आगे जाने में समस्या हो रही है उन्हें सहायता देते हुए टेबल तक पहुंचाया जाए। कैडेट्स ने व्यवस्था को बनाने के लिए अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि अनुशासन, परोपकार जैसी चीजें संगठन में सीखने को मिलती है और इसका अनुशरण यहां पर किया जा रहा है।

## किसान मेला से पूरी तरह गायब हैं 'किसान'

**कोरबा।** जिले के कटघोरा में महाशिवरात्रि तक चलने वाला किसान मेला काफी भीड़ जुटाना में सफल हो रहा है यह बात अलग है कि पिछले कुछ वर्षों से इस मेले में किसान नहीं आ रहे हैं जबकि मेला उनके नाम को समर्पित है। पुलिस थाना के सामने मीना बाजार ग्राउंड में इस मेले का आयोजन गणतंत्र दिवस से किया गया है कई प्रकार के झूले इंटरटेनमेंट के साथ-साथ बच्चों के खिलौने और लोगों के जरूरत की चीज इस मेले में उपलब्ध हैं। मिली जुली संस्कृति और लोगों को एक स्थान पर एकत्रित करने के लिए मेल को अच्छा माध्यम माना जा रहा है। कटघोरा में यह मेला कितने वर्ष पहले शुरू हुआ, इस बारे में ज्ञात इतिहास तो नहीं है लेकिन लोग बताते हैं कि उनके हिसाब से यह ऐतिहासिक तो है ही। लोगों का कहना है बहुत वर्ष पहले मेला की शुरुआत इस उद्देश्य की गई थी कि कृषि कार्य पूरे होने के बाद किसानों के पास पर्याप्त समय अगले सीजन के लिए हुआ करता था ऐसे में उन्हें फुर्सत के कुछ दिन देने के हिसाब से मेला प्रारंभ किया गया।

## निगम चुनाव में भी मोदी के भरोसे भाजपा

**कोरबा।** नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। प्रत्याशियों और पार्टियों का फोकस इस पर है लेकिन कहा जा रहा है कि विभिन्न राज्यों और हाल में ही दिल्ली में मिली बंफर जीत के बाद भाजपा को लगता है कि इधर भी मोदी मैजिक काम करेगा। विश्लेषकों का कहना है कि निगम क्षेत्र में महापौर से लेकर भाजपा प्रत्याशियों ने अपने चुनाव प्रचार को राज्य सरकार की योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री के चेहरे पर केंद्रित रखा। प्रत्याशियों में से कुछ के ही पास अपने कार्यों और उपलब्धियों के सहारे जनता के पास जाने की ताकत रही जबकि नए और दूसरे चेहरे मोदी मैजिक के सहारे मैदान में बने रहे। उनका कहना है कि अगर चुनाव में जीत मिलती है तो इसका पूरा श्रेय मोदी और विष्णुदेव की योजनाओं को जाएगा।

## कुदमुरा रेंज के पांच स्थानों पर विचरण कर रहे 45 हाथी, खतरे में ग्रामीण

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में 45 हाथी पांच अलग-अलग स्थानों पर झुंड बनाकर घूम रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया है। वहीं बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से वन विभाग को भी निगरानी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हाथियों की मौजूदगी वाले व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को लगातार सतर्क कर रहे हैं। इस कार्य में ड्रोन कैमरे के अलावा मैदानी अमले की मदद ली जा रही है जो हाथियों की हर गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को दे रहे हैं। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ हाथियों को खदेड़ने की कोशिश में लग जाते हैं जिससे अब तक बड़ा नुकसान हाथी नहीं पहुंचा पाए हैं। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इन दिनों रेंज के कुदमुरा परिसर में 35 हाथी दो अलग-अलग झुंडों में सक्रिय



हैं जबकि 8 हाथी चचिया परिसर तथा एक-एक लोनर गुरमा व कलमीटिकरा में डेरा डालकर वन विभाग व ग्रामीणों की चिंता बढ़ाए हुए हैं। हाथियों के विचरण करने के कारण चुनाव कार्यों में भी बाधा आ रही है। पंचायत चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार भी हाथियों के डर के मारे ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।

## मुड़ापार बाजार के पास अपशिष्ट से सांसों पर खतरा

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र मुख्यालय और मुड़ापार बाजार की तरफ जाने वाले रास्ते पर मुर्गी मुर्गियों और दूसरे जानवरों के अपशिष्ट फेक जाने से उठने वाली दुर्गंध वातावरण को दूषित कर रहे हैं। साथ ही जनजीवन पर इसका घातक असर हो रहा है।

ट्रांसपोर्ट नगर बुधवारी और आसपास के इलाके में संचालित हो रही मांस की दुकानों में रोज हजारों की संख्या में मुख पशु कांटे जाते हैं और फिर उनके मांस की बिक्री की जाती है। बाद में निकला हुआ अपशिष्ट अपनी बाला डालने के लिए मुड़ापार बाजार से पहले एसईसीएल बैरियर के पास फेंक दिया जा रहा है। अपनी भूख मिटाने के लिए पक्षियों का डेरा दिन भर यहां घूमता है और यहां से अपनी जरूरत की पूर्ति करने के बाद कई चीजों को उठाकर सड़क और आसपास के हिस्से



में बिखेर देता है। इससे भी दुर्घटना की आशंका मजबूत हो रही है। इस मामले में सबसे बड़ी समस्या अपशिष्ट को फेक जाने के बाद यहां से उठने वाली दुर्गंध को लेकर हैं। काफी समय से यह परेशानी यहां पर कायम है और इसके चलते इस इलाके की हजारों की आबादी के साथ-साथ मुख्य मार्ग से आना-जाना करने वाले कोयला कंपनी के कर्मचारियों सहित आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। प्रशासन और नगर पालिका निगम की ओर से लगातार कहा जा रहा है कि चाहे फ्लाइं एश या किसी भी तरह के अवशेष क्यों ना हो, उन्हें सुरक्षित तरीके से ऐसी जगह पर डंप किया जाना चाहिए जहां किसी प्रकार के खतरे ना हो और लोग परेशान ना हो। इन सबके बावजूद अधिकारियों को चिढ़ाने के लिए अंधेरगर्दी की जा रही है।

## रामप्यारी मुरारका का निधन

**कोरबा।** स्वर्गीय नथमल मुरारका की धर्मपत्नी (फर्म-नथमल बद्रीनारायण - पेट्रोल पम्प) एवं सुरेश, मुकेश मुरारका की



माता श्रीमती रामप्यारी मुरारका का दुखद निधन 10 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 11 फरवरी को समय दोपहर 3 बजे, निवास स्थान मुरारका पेट्रोल पम्प, पावर हाउस रोड कोरबा से मोतीसागर मुक्तिधाम को प्रस्थान करेगी।

*कोरबा। तीन चरण में पंचायत चुनाव अगले पखवाड़े संपन्न होंगे। पंचायतों में इसके लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com